दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 220 जयपुर, गुरुवार, 20 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### एशिया कप क्रिकेट: भारत-पाक मैच 2 सितंबर को



**नई दिल्ली।** अगस्त में शुरू हो रहे क्रिकेट एशिया कप का शेड्यूल जारी हो गया है। एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट जय शाह ने बुधवार को शेड्यूल जारी किया। इसके अनुसार टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुल्तान में खेला जाएगा, जबकि भारत अपने अभियान की शुरुआत 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के कैंडी में करेगा। फाइनल 17 सितंबर को कोलंबो में खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट का आयोजन हाईब्रीड मॉडल में होगा. टूर्नामेंट के कुछ मैच पाकिस्तान में और बाकी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

### सात्विक का स्मैश 565 Kmph का, बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार खिलाड़ी सात्विक साईराज रंकी रेड्डी ने 565 किमी प्रति घंटा की रफ्तार के स्मैश के साथ बैडमिंटन में किसी पुरुष खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 'स्मैश' का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हाल में चिराग शेट्टी के साथ मिलकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब जीतने वाले सात्विक ने इसके साथ ही मई 2013 में बनाए मलेशिया के टेन बून हियोंग के 493 किमी प्रति घंटे के एक दशक से भी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### उत्तराखंड के चमोली में नमामि गंगा प्रोजेक्ट के एसटीपी प्लांट में बिजली का करंट दौड़ा... मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच

# करंट से 16 लोगों की मौत... 7 झुलसे, 5-5 लाख मुआवजा

**एजेंसी** | गोपेश्वर/देहरादून

उत्तराखंड के चमोली जिले में अलकनंदा नदी के किनारे नमामि गंगे परियोजना के तहत बने एक जल-मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में बिजली का करंट फैल जाने से 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्थिति का जायजा लेने तथा हादसे से पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। धामी ने दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है और कहा कि हादसे के लिए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। घायलों को हवाई एंबुलेंस से ऋषिकेश स्थित एम्स ले जाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने शोक जताया है।

### घायलों को एक-एक लाख की मदद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली घटना में मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपए और घायलों को एक-एक लाख रुपए की राहत राशि देने के निर्देश दिए हैं।



### ऐसे हुआ हादसा

चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि इनमें से एक की मृत्यु मंगलवार रात को करंट फैलने के बाद उसकी चपेट में आकर हुई। मृतक के पंचनामे के दौरान बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे फिर से एसटीपी की रेलिंग में करंट दौड़ गया और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों समेत मृतक के कुछ रिश्तेदार इसकी चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि कई लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। डोबाल ने बताया कि बुधवार को 16 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक पुलिस उपनिरीक्षक प्रदीप रावत और होमगार्ड के तीन जवान शामिल हैं। प्लांट की रेलिंग में बिजली का करंट फैलने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

पीएम नरेंद्र मोदी ने चमोली में हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा हादसे से बहुत दुख हुआ है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना प्रकट करने के साथ ही सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, "उत्तराखंड के चमोली जिले में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।" वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चमोली घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने हादसे पर शोक जताया। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस हादसे को लेकर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### जोधपुर के ओसियां में दिल दहला देने वाली घटना

# पहले गर्दन रेती... फिर चारों शव आग के हवाले

## 6 माह की बच्ची समेत परिवार के 4 लोगों की हत्या






### विधानसभा में गूंजा मामला, सरकार ने कहा... आपसी रंजिश

### पुलिस ने मृतक के एक भतीजे को किया गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर/जोधपुर

प्रदेश में फिर से कानून व्यवस्था को मुंह चिढ़ाती एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जोधपुर के ओसियां थाना क्षेत्र के चेराई कस्बे के समीपस्थ रामनगर गांव में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हमलावरों ने पहले तो निर्ममता से परिवार के सदस्यों का गला काटा और फिर सुबह-सुबह उनके झोंपड़े में आग लगा दी। ग्रामीणों ने आग देख तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर ओसियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अधजले शवों को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस ने हत्या के आरोपी पप्पू राम जाट पुत्र भैराराम (19) निवासी चेराई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतक बुजुर्ग का भतीजा है।



हत्या का आरोपी पप्पू राम जाट

### प्रदेश की कानून व्यवस्था चौपट: भाजपा

इस नृशंस हत्याकांड का मामला विधानसभा में भी गूंजा। पहले ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा ने प्रश्नकाल शुरू होते ही यह मामला उठाया, लेकिन स्पीकर सीपी जोशी ने अनुमति नहीं दी। बाद में आरएलपी के विधायक पुखराज गर्ग ने यह मामला उठाया। विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर सरकार की तरफ से घटना पर वक्तव्य दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में पुलिस को इन हत्याओं के पीछे जमीन विवाद एवं आपसी रंजिश नजर आ रही है। मामले में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पुलिस पर जानकारी मिलने के बाद भी विलंब से पहुंचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चौपट है।

### जमीन विवाद, रंजिश में की वारदात: डीजीपी मिश्रा

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि रामनगर निवासी दो भाइयों भैराराम और पूनाराम के परिवार की बीच जमीनी विवाद चल रहा था। इसी बीच भैराराम के बेटे तेजाराम की संदिग्ध परिस्थितियों में सूरत (गुजरात) में मृत्यु हो गई। भैराराम को शक था कि उसके बेटे की हत्या पूनाराम के परिवार ने कराई है। इससे रंजिश और बढ़ गई। इसी वजह से बुधवार सुबह करीब तीन बजे भैराराम का दूसरा बेटा पप्पू राम कुल्हाड़ी लेकर पूनाराम की ढाणी पहुंचा और पूनाराम (55) और उसकी पत्नी भंवरी देवी (50) की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। उसके बाद अंदर सो रही पुत्रवधू धापू (24) और उसकी बेटी मनीषा (6 माह) की भी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने चारों शवों को झोंपड़े में रख कर आग लगा दी और भाग गया। घटना की गंभीरता को देख एडीजी (अपराध) दिनेश एमएन को ओसियां भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही आईजी रेंज जयनारायण शेर, एसपी धर्मेंद्र यादव समेत तमाम पुलिस और प्रशासनिक अमला तुरन्त मौके पर पहुंच गया। कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए वहां अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया।

### ग्रेटर निगम का दावा: यह प्रदेश का पहला मामला

# निगम ने दिया ट्रांसजेंडर को जन्म प्रमाण पत्र

### नूर शेखावत ने कहा... हमें भी जीने की आजादी दें

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर ने बुधवार को प्रदेश का पहला ट्रांसजेडर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया है। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों का दावा है कि इससे पहले पूरे राज्य में कभी किसी ट्रांसजेंडर को बर्थ सर्टिफिकेट नहीं दिया गया।

विभाग निदेशक और जन्म-मृत्यु के चीफ रजिस्ट्रार भंवरलाल बैरवा ने बताया कि राजस्थान में पहली बार थर्ड जेंडर को जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। अब हमारे पोर्टल पर थर्ड जेंडर का भी रिकॉर्ड मिलेगा। इसके लिए निगम आने वाले समय में जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ट्रांसजेंडर को उनकी नई पहचान के साथ समाज की मुख्य भूमिका में जोड़ने का काम कर रही है। वोटर लिस्ट में ट्रांसजेंडर का नाम जोड़ने का काम चल रहा है। इसके साथ ही अब ड्राइविंग लाइसेंस आदि बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र के लिए यह वर्ग आगे आ रहा है।



### हमारा मजाक न बनाएं

ट्रांसजेंडर नूर शेखावत ने बताया कि उसने 12वीं की। फिर कॉलेज में माहौल ठीक नहीं था। वहां स्कूल से उसके साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ट्रांसजेंडर होने पर ताने मारते, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। नूर ने कहा- हमें भी उतने ही अधिकार दिए जाने चाहिए, जितने कि आम आदमी को है। मेरी समाज के लोगों से विनती है कि हमारा मजाक न बनाएं। हमें भी समाज में सिर उठा कर जीने की आजादी दें।

### संसद का मानसून सत्र आज से

## मणिपुर पर चर्चा को सरकार तैयार, 31 विधेयक होंगे पेश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र गुरुवार से शुरू होगा। इसमें मणिपुर पर चर्चा की विपक्ष की मांग सरकार ने मान ली है। इस सत्र के दौरान 31 विधेयकों पर विचार किए जाने की संभावना है। इस सूची में सबसे ऊपर दिल्ली से जुड़ा अध्यादेश है। सरकार कोशिश करेगी कि इसे दोनों सदनों से जल्द से जल्द से पास कराकर कानून का रूप दिया जाए। एक अहम बात यह भी है कि इसमें समान नागरिक संहिता को लेकर कोई भी जिक्र नहीं है।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सत्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। इसके लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। बैठक में 34 दलों और 44 नेताओं ने भाग लिया। हमें महत्वपूर्ण सुझाव मिले। सरकार के पास 31 विधायी सूचीबद्ध आइटम हैं। सभी दल मणिपुर पर चर्चा चाहते हैं और सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार है।



## सीएम की सौगात... एनटीटी अध्यापकों को मिलेगी पदोन्नति

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार अब पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापकों (एनटीटी) को भी पदोन्नति के अवसर देगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापकों के संवर्ग में पदोन्नति के अवसर सृजित करने के लिए तीन नवीन पदनाम पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक ग्रेड-द्वितीय (एल-8), पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक ग्रेड-प्रथम (एल-10) और पूर्व प्राथमिक वरिष्ठ अध्यापक (एल-11) का सृजन किया जाएगा। साथ ही, पदोन्नति के लिए 5 वर्ष का अनुभव निर्धारित होगा।


### कोटखावदा में फर्जी पंजीयन कार्यालय!

# फर्जी नामों से रजिस्ट्री बनाकर बैंक से दिला दिया लोन... हुआ पर्दाफाश

- चालीस हजार में बनाया करोड़ों की संपत्ति का मालिक
- तहसीलदार से लेकर सरपंच तक के दस्तखत व मुहर फर्जी
- कागज आए सामने तो पूरा तहसील कार्यालय रह गया हैरान

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की कोटखावदा तहसील में फर्जी रजिस्ट्री बना कर बैंकों से लाखों रुपए का लोन दिलाने का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक गिरोह ग्रामीणों को बैंक से लोन दिलाने के लिए बाकायदा नकली पट्टे तैयार कर झूठी रजिस्ट्री तैयार कर देता है। रजिस्ट्री के कागज को भी इसी गिरोह से जुड़े लोग बैंकों में व्यवस्था कर पास करवा देते हैं। पहली बार में इन कागजों को देखने से यह पता भी नहीं चलता कि ये फर्जी हैं। पट्टे में बाकायदा सरपंच की मुहर भी लगी होती है और रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों की मुहर, फाइल नंबर सब अंकित होता है। यहां तक की सरकार के नाम से रजिस्ट्री के दौरान लिए जाने वाली शुल्क की भी फर्जी रसीद लगी होती है। यह फर्जीवाड़ा सामने आने पर तहसीलदार ने एफआईआर दर्ज करने के लिए मामला पुलिस को सौंप दिया है।




### ऐसे आया मामला सामने

कोटखावदा निवासी रामेश्वर को बैंक से लोन लेना था। बैंक में पूछताछ करने के दौरान वह फर्जी पंजीयन करने वाले गिरोह के संपर्क में आ गया। इन लोगों ने उससे कहा कि वे चालीस हजार रुपए में उसका लोन पास करवा देंगे। इस पर रामेश्वर ने इन लोगों को चालीस हजार रुपए दे दिए। फिर गिरोह के लोगों ने बाकायदा रामेश्वर के नाम से एक जमीन का पट्टा और रजिस्ट्री तैयार कर उसके हस्ताक्षर करवाए और बैंक से लोन दिलवा दिया। रामेश्वर समय पर अपनी किस्तें में भी चुकाता रहा। बैंक ने उसके अच्छी सिबिल स्कोर को देखते हुए लोन की राशि बढ़ाने का प्रस्ताव उसको दिया। सहमति मिलने पर जब बैंक ने उपपंजीयक कार्यालय में कागजों के सत्यापन के लिए पत्र लिखा तो सामने आया कि न तो रामेश्वर के नाम से कोई पट्टा जारी किया गया है और ना ही कभी रजिस्ट्री हुई है।

### इनका कहना है...

"हां, इस तरह का मामला सामने आया है। पुलिस थाने तक लिखित शिकायत पहुंची है। अंदेशा है कि इस तरह का फर्जीवाड़ा बड़ी संख्या में किया गया है।

**सृष्टि जैन,** तहसीलदार कोटखावदा

"मेरे से लोन पास करवाने के लिए चालीस हजार रुपए मांग थे। शंकर को पूरा मामला पता है। वही बता पाएगा। मैं तो ज्यादा समझता नहीं।

**रामेश्वर,** पीड़ित

### हुबहू रजिस्ट्री... लेकिन तारीख रविवार की

रामेश्वर के कागजों की पंजीयक कार्यालय की तरफ से दस दिन से ज्यादा गहन जांच की गई तो एक-एक परत खुलती गई। जारी पट्टे पर संरपंच के हस्ताक्षर और मुहर भी फर्जी थी। पंजीयक कार्यालय की तरफ कागजों पर लगी मुहर भी असली की तरह ही नजर आई, हालांकि उस पर किए गए हस्ताक्षर संबंधित अधिकारी के नाम से अलग नजर आए और रजिस्ट्री की तारीख भी रविवार की दर्ज थी। अधिकारियों की मानें तो जिस तरह से कागज तैयार किए गए हैं वो किसी संगठित गिरोह का काम दिखाई दे रहा है। इसलिए मामले को पुलिस को सौंपा गया है।

## जरूरी खबर

### जयपुर डिस्कॉम करेगा 20 सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित



**जयपुर।** प्रधानमंत्री-कुसुम कम्पोनेन्ट-सी फीडर लेवल सोलराइजेशन के तहत शुरू की गई सौर कृषि आजीविका योजना के तहत जयपुर डिस्कॉम की ओर से 52.66 मेगावाट क्षमता के 20 सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। वहीं 347 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयत्रों के लिए निविदाएं जारी कर दी गई है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक आर.एन. कुमावत ने बताया कि संयंत्रों की स्थापना के लिए 1395 सब-स्टेशनों को चिह्नित कर लिया है।

### CM को पत्र लिख गाइडों को स्थाई करने की मांग

**जयपुर।** पर्यटन गाइड भर्ती में चयनित हुए गाइडों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सभी गाइडों को स्थाई करने की मांग की है। इस संबंध में स्टेट व लोकल गाइड समिति ने सीएम गहलोत को पत्र लिखा है। जिसमें बताया कि सरकार ने पिछले बजट में घोषणा कर 6 हजार गाइड को भर्ती किया था, लेकिन अस्थाई होने से सभी गाइड चार महीने ही नौकरी कर पाते हैं। कोरोना महामारी में कोई वेतन नहीं दिया गया। गाइड को घर चलाने में दिक्कत आ रही है। इसलिए उनकी समस्या को देखते हुए चयनित सभी स्टेट एवं लोकल लेवल गाइडों को कार्मिक विभाग में जोड़कर स्थाई नियुक्ति दी जाए और स्टेट लेवल गाईड का 3600 ग्रेड-पे एवं लोकल लेवल गाईड को 2000 ग्रेड-पे में शामिल किया जाए। गाइडो को परिवहन सेवा दी जाए और सभी के लिए आरजीएचएस सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

### नाथूलाल सैनी बने वीडियो कॉन्टेस्ट के 10वें विजेता



**जयपुर।** प्रदेश में 7 जुलाई से चल रहे जन-सम्मान वीडियो कांटेस्ट में हजारों लोग राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी लेकर सोशल मीडिया पर वीडियों डाल रहें हैं। वहीं इस प्रकार योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ अब तक 10 लोगों को 10 लाख रुपए की ईनाम राशि मिल चुकी है। बुधवार को 16 जुलाई के वीडियो कांटेस्ट का परिणाम जारी किया गया। इसमें जयपुर के नाथूलाल सैनी ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते। वहीं दूसरे स्थान पर हनुमानगढ़ की संतरो रहीं।

---

**अमृत 2.0 के तहत** प्रदेश के तीन शहरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, जयपुर में बदले जा चुके हैं 71 हजार 300 मीटर

# 25 करोड़ रुपए की लागत से बदलेंगे 30 हजार खराब मीटर

■ धौलपुर जिले में जेजेएम का कार्य जल्द होगा पूरा



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के तीन शहरों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रथम चरण में 30 हजार खराब वाटर मीटर की जगह स्मार्ट वाटर मीटर लगाए जाएंगे।

इसमें जयपुर शहर के 15 हजार खराब मीटर बदलेंगे। इसके लिए 25 करोड़ का अनुमोदन किया गया है। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं में उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदलने की प्रक्रिया जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में चल रही है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के अंतर्गत जयपुर शहर के शेष करीब 1 लाख 35 हजार खराब मीटर भी अमृत 2.0 के तहत क्रमबद्ध तरीके से बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि अमृत योजना के तहत पहले जयपुर शहर के करीब 71 हजार 300 वाटर मीटर क्रमबद्ध तरीके से बदले जा चुके हैं।

### दो माह से अधिक समय का एक साथ नहीं आएगा बिल

जोशी ने कहा कि जयपुर शहर के उपभोक्ताओं को दो माह से अधिक के पानी के बकाया बिल एक साथ नहीं भेजने को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। उपभोक्ताओं को निश्चित समय अंतराल पर भी बिल भेजे जाएं, ताकि किसी भी उपभोक्ता पर एक साथ आर्थिक भार नहीं आए। डॉ. जोशी ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत की घोषणा के तहत प्रदेश में चालू मीटर वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 15 हजार लीटर तक जल उपभोग पर जल शुल्क में शत-प्रतिशत छूट दी गई है।

### राज्य सरकार के अधिकार सीमित, केंद्र दे मंजूरी

उन्होंने कहा कि जेजेएम में केंद्र सरकार की तुलना में राज्य सरकार के पास अधिकार सीमित हैं। जबकि पैसा राज्य सरकार का अधिक खर्च हो रहा है और सारे संसाधन भी हमारे ही काम में लिए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 2022 की बीएसआर को अनुमत करने का आग्रह किया था। लेकिन केंद्र की मंजूरी नहीं मिल पाई। इसके बाद जो टेंडर आए, उनमें दरें अधिक आईं। डॉ. जोशी ने बताया कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिए निविदा 9 सितंबर को आमंत्रित की गई थी, जिसे वित्त समिति ने 18 जनवरी पत्रित कर दिया गया। कार्यादेश जारी होने के 20 माह में कार्यों को पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

### वृहद पेयजल परियोजना का 20 माह में पूर्ण होगा कार्य

धौलपुर जिले के 200 से अधिक गांवों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लाभान्वित करने के लिए चम्बल लिफ्ट परियोजना आधारित वृहद पेयजल परियोजना कार्यादिश जारी होने के 20 माह की अवधि में पूरा होगा। इसके लिए निविदा अनुमोदन की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा वर्ष 2022 की बीएसआर को अनुमति नहीं करने सहित अन्य नीतिगत प्रक्रियाओं के कारण इसमें स्वाभाविक विलम्ब हुआ। साथ ही पंचायत समिति धौलपुर और राजाखेड़ा के 190 गांवों को जेजेएम के अंतर्गत 343.39 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। योजना की संशोधित तकनीकी स्वीकृति राशि 251.25 करोड़ जारी की गई है।

---

**विधानसभा में** पेपर लीक मामले पर विपक्ष का हंगामा

# राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा का सदन से वॉकआउट

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में बुधवार को कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा ने वॉकआउट किया और सदन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं विधानसभा में सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक, विधियां निरसन विधेयक और राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक–2023 ध्वनिमत से पारित किए गए। जोधपुर के ओसियां विधानसभा में हुई 4 लोगों की सामूहिक हत्या के मामले में मंत्री शांति धारीवाल ने वक्तव्य रखा। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर कानून व्यवस्था के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और मामले को लेकर भाजपा ने सदन से वॉकआउट किया।

भाजपा विधायकों ने की नारेबाजी वहीं भाजपा के विधायकों ने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामलों को लेकर बुधवार को विधानसभा में नारेबाजी कर हंगामा किया। शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव आदि पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायकों ने यह मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि 18 पेपर लीक हुए। 14 परीक्षाएं रद्द हुईं। 1.30 करोड़ परीक्षार्थी इन परीक्षाओं में बैठे। 400 करोड़ रुपए उन्होंने फीस के दिए और उनके अरमान टूट गए। राठौड़ ने कहा कि आरपीएससी भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है।

आरपीएससी ने अब तक जो परीक्षाएं करवाई हैं हम उनकी जांच सीबीआई से करवाने की मांग करते हैं। इसके बाद भाजपा विधायकों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और हंगामे के बीच बहिर्गमन किया। राठौड़ से पहले भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी तथा अशोक लाहोटी ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी।

देवनानी बोले कि मैं मांग करता हूं कि आरपीएससी को भंग कर दिया जाए और यूपीएससी की तर्ज पर नए सदस्यों की नियुक्ति की जाए।



### प्रदेश में 133 पुराने कूनन खत्म होंगे

विधानसभा में राजस्थान विधियां निरसन विधेयक -2023 लाया गया। जिसके माध्यम से अप्रचलित एवं अनावश्यक 133 अधिनियमों को निरसित किया जाएगा। विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि अप्रचलित एवं अनावश्यक कानूनों के निरसन की एक सतत प्रक्रिया रही है। इससे पूर्व भी चार बार इसी तरह की प्रक्रिया द्वारा कई कानूनों को निरसित किया जा चुका है।

### कोर्ट के आदेश बिना रजिस्ट्रार ले सकेंगे तलाशी

विधान सभा में राजस्थान सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक–2023 चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर हुआ। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि इस विधेयक से प्रदेश में सहकारिता आन्दोलन को और मजबूती मिलेगी। इससे आमजन को राहत मिलेगी और गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा भूखण्ड आवंटन में की जाने वाली धोखाधड़ी पर रोक लगेगी। मंत्री ने बताया कि कुछ गृह निर्माण सहकारी समितियां आमजन को अनाधिकृत पट्टे जारी कर देती हैं। इससे क्षेत्र के सुनियोजित विकास में बाधा उत्पन्न होती है। ऐसी परिस्थितियों में राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 में संशोधन अपेक्षित था। नए प्रावधानों के तहत अब रजिस्ट्रार बिना न्यायालय की अनुमति के सोसायटी के अभिलेखों एवं सम्पत्ति की तलाशी ले सकेंगे और इनका अधिग्रहण कर सकेंगे। इससे न्यायालय में लगने वाले अतिरिक्त समय की बचत होगी और आमजन को जल्दी न्याय सुलभ हो सकेगा।

### मेलों का सुव्यवस्थित प्रबंधन होगा

विधान सभा में राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक 2023 लाया गया। देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने कहा कि राज्य में मेलों के सुरक्षित आयोजन, सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। इसके तहज राज्य के प्रत्येक जिले में सम्बन्धित सभी विभागों को शामिल करते हुए एक प्रभावी प्राधिकरण और जिला समितियों का संस्थापन और गठन किया जाएगा। इनके माध्यम से मेलों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पानी, शौचालय, पार्किंग, परिवहन एवं ठहरने आदि की व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित हो सकेंगी। विधेयक में प्रावधान किया गया है कि जिला मेला समिति मेला आयोजन के आवेदन पर सात दिवस के अंदर निर्णय करेगी। साथ ही समिति द्वारा सुव्यवस्थित प्रबंधन होने से मेलों में हादसे घटित नहीं होंगे।

---

**SMS में अलग से बनेगा विभाग**

# मेडिकल कॉलेजों में बनेगी ऑर्गन ट्रांसप्लांट कमेटी



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अंगदान को बढ़ावा देने व ऑर्गन ट्रांसप्लांट संबंधी सेटअप सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के सम्पादन के लिए प्रत्येक राजकीय मेडिकल कॉलेज में ऑर्गन ट्रांसप्लांट समितियां बनाई जाएगी।

इन समितियों में अंगदान के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट और कॉर्निया ट्रांसप्लांट के संबंध में बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकीय अस्पतालों में किए गए ऑर्गन डोनेशन के बाद प्राप्तकर्ता की एक वर्ष तक सभी प्रकार की फॉलोअप जांचें निशुल्क की जाएगी। नेत्रदान एवं अंगदान को बढ़ावा देने के लिये आठवीं कक्षा में इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिए।

### चिकित्सकों को मिलेगा प्रशिक्षण

शुभ्रा सिंह ने कहा कि स्टेट ऑर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (सोटो) संबंधित चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक वार्षिक कैलेंडर जारी करेगा। इस कैलेंडर के तहत वर्तमान में संचालित सभी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत व अन्य चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि नवीनतम जानकारी मिल सके। उन्होंने एसएमएस अस्पताल में क्रिटिकल केयर, एनेस्थीसिया और ऑर्गन ट्रांसप्लांट का एक अलग से विभाग वापस शुरू करने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

---

**पर्यावरण एवं जलवायु** परिवर्तन विभाग की पहल

# राज्य के 19 जिलों में 44 वेटलैंड

**बेधड़क** | जयपुर

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल ने कहा है कि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से वेटलैंड्स के संरक्षण एवं एकीकृत प्रबंधन के क्षेत्र में कई कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके तहत राज्य के 19 जिलों में कुल 44 अधिसूचित वेटलैंडस की सूची जारी की गयी है। बारां में सबसे ज्यादा 12 वेटलैंडस है। पृथ्वी की किडनी के रूप पहचाने जाने वाले वेटलैंड्स प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन व शुद्धिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इनमें वाणिज्यिक और भूजल निकासी प्रतिबंधित होगी।

### अधिकमास के सोमवार को भी रुद्राभिषेक



**जयपुर।** देवस्थान विभाग की ओर से अब चिन्हित मंदिरों में श्रावण अधिकमास के सोमवारों को भी रुद्राभिषेक करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य के सभी देवस्थान सहायक आयुक्तों को निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। विभाग की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि इससे पूर्व शिवालयों में श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवारों को रुद्राभिषेक के आदेश दिए गए थे। अब श्रावण अधिकमास के दौरान आने वाले सोमवार को भी चिन्हित मंदिरों में सरकार द्वारा रुद्राभिषेक करवाया जाएगा।

### 170 निरीक्षकों के हुए तबादले

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को एक आदेश जारी कर 170 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किए हैं। इस सूची में वे थानाधिकारी भी शामिल है जो लंबे समय से एक ही जिले, एक ही रेंज या आयुक्तालय में लगे हुए थे। चुनाव आयोग के निर्देश पर जारी हुई इस तबादला सूची में सबसे ज्यादा 77 सीआई ऐसे शामिल हैं, जो अब तक जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट में कार्यरत थे। वहीं इनमें वह नाम भी शामिल है जो फील्ड में लंबे समय से कार्यरत है। उन्हें एटीएस-एसओजी, पुलिस मुख्यालय, जीआरपी, जेडीए जैसी जगहों पर भेजा गया हैं।

---

**राजस्व मंत्री ने** विधानसभा में पेश किया जवाब

# गोशालाओं की सहायता राशि की बढ़ाई अवधि: रामलाल जाट

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए राज्य सरकार ने सहायता राशि की अवधि बढ़ा दी। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि चारे की बढ़ती हुई दरों व गोशालाओं की मांग पर गो-संरक्षण एवं संवर्धन निधि संशोधित नियम-2021 के तहत दी जा रही सहायता राशि की अवधि 6 माह से बढा कर वित्तीय वर्ष 2022-23 से 9 माह (270 दिवस) की जा चुकी है। वहीं पात्र गोशालाओं में गोवंश के भरण-पोषण के लिए बड़े गोवंश हेतु 40 और छोटे गोवंश के लिए 20 रुपए प्रतिदिन की दर से दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से गोशालाओं को 270 दिवस की सहायता राशि दो चरणों में दी जा रही है।

जिसमें प्रथम चरण में अप्रैल, मई, जून एवं जुलाई माह में एवं द्वितीय चरण में नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी, फरवरी और मार्च में यह सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में संधारित गोवंश के भरण-पोषण के लिए वर्तमान सरकार ने पूर्व में दी जा रही सहायता राशि की दरों में वृद्धि की है।

---

**'नही सहेगा राजस्थान' अभियान**

# बीजेपी सरकार बनने पर RPSC को भंग कर नए सिरे से होगा गठन: जोशी

■ हमारी सरकार आई तो जो मंत्री बने बैठे हैं, उनको भी जेल जाना पड़ सकता है

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की राज्य सरकार पर भाजपा पदाधिकारी लगातार जुबानी हमला बोल रहे है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय से बुधवार को कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र के वादे, भ्रष्टाचार और पेपरलीक मामलों को लेकर घेरा।

सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर राजस्थान लोक सेवा आयोग को भंग कर यूपीएससी की तर्ज पर नए सिरे से गठन किया जाएगा ताकि भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो सकें।

प्रदेशाध्यक्ष जोशी बोले कि पेपर लीक जैसी घटनाओं को लेकर भाजयुमो के कार्यकर्ता मंगलवार को आरपीएससी पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने पर प्रदेश की राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया। इस लाठीचार्ज में भाजयुमो के कई कार्यकर्ता घायल हो गए। क्या इस सरकार में प्रदर्शन करने का भी अधिकार नहीं हैं? उन्होंने कहा कि सरकार बर्बरता पूर्वक कार्रवाई कर युवाओं की आवाज को दबा रही है, लेकिन इससे यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है।

### सरकार ने भ्रष्टाचार की एक नई इंडस्ट्री खोल ली: सीपी जोशी



जोशी ने कहा कि किसान कर्ज माफी का वादा सरकार ने साढ़े चार सालों में पूरा नहीं किया। राजस्थान के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तो नहीं मिला, लेकिन आरपीएससी के जरिए इस सरकार ने भ्रष्टाचार की एक नई इंडस्ट्री खोल ली है। बाबूलाल कटारा कौन हैं? उसे किसने बनाया? कटारा ने कहा था कि मैं एक करोड़ रुपए देकर आरपीएससी का सदस्य बना। इस पर राज्य को जवाब देना चाहिए। संविदाकर्मी सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, उसका जिम्मेदार कौन है। देश में कश्मीर के बाद अगर सबसे ज्यादा इंटरनेट कहीं बंद होता है तो राजस्थान में बंद होता है। आखिर इसकी जरूरत क्यों पड़ती है। राज्य सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।

### बेलगाम भ्रष्टाचार और बेरोजगारी: राठौड़



वहीं कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के पावटा में "नही सहेगा राजस्थान" अभियान के तहत संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश अपराध का गढ़ बन चुका हैं। पौने पांच सालों में 11 लाख अपराध के मुकदमे दर्ज हुए हैं। जयपुर ग्रामीण क्षेत्र तक मेंअपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। दूसरे राज्यो से अपराधी यहां शरण ले रहे हैं। जबकी भाजपा शसित राज्यों में अपराध का ग्राफ़ तेजी से नीचे गिरा हैं। यूपी में क्राइम का सफाया हुआ। साढ़े चार साल में कांग्रेस का सिर्फ एक ही नारा रहा अपराधियों,अलगावादियों पधारो म्हारे देश। कांग्रेस राज में तुष्टिकरण भी चरम पर दिखा गया। टोंक जिले के मालपुरा में गुर्जर मोहल्ला ,शाहदाब मोहल्ला बन चुका है कुछ समय मोहल्ले में साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी और वंहा गुर्जरों के नाम पर वोट होने वाले कांग्रेस के गुर्जर नेता नहीं पहुंचे।

### भाजपा राज में RPSC मामले की जांच करवाएंगे: शेखावत



वहीं केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा भाजपा की सरकार आती है तो आरपीएससी मुद्दें की ठीक से जांच करवाएंगे और अभी जो मंत्री बने बैठे हैं उनको भी जेल जाना पड़ सकता है। कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए शेखावत ने कहा कि यह सरकार औरंगजेब के रास्ते पर चल रही हैं। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के परिवार के चार-चार लोग आरएएस बन गए। आठवीं में तीन बार फेल होने वाले आरएएस बन जाते हैं।

## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य निरीक्षक 40 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर।** एसीबी मुख्यालय की विशेष अनुसंधान इकाई जयपुर ने बुधवार को रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल सीकर में कार्यरत विकास कुमार मीणा ने यह राशि बकाया बिलों को पास करने की एवज में ली थी। एसीबी एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि विशेष अनुसंधान इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी ओर से बांदीकुई पोस्टिंग के दौरान किए कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में विकास कुमार मीणा 50 हजार रुपए की घूस लेकर परेशान कर रहा है। इस पर एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर विकास कुमार मीणा निवासी टोडाभीम करौली को परिवादी से 40 हजार रुपए की घूस लेते दबोच लिया।

### दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर।** एसएमएस अस्पताल में एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। मरीज की सेवा के लिए निजी केयर टेकर कंपनी से कॉटेज रूम में बुलाई गई युवती के साथ अस्पताल में भर्ती एक युवक ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म तक करने का प्रयास किया। युवती की शिकायत के बाद 40 वर्षीय युवक सुनील यादव मूलतः अलवर के तिजारा निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह मोटापा कम करने की सर्जरी करवाने के लिए 8 जुलाई को एसएमएस में भर्ती हुआ था। तब से वह धन्वंतरी बिल्डिंग स्थित कॉटेज में ही था। यह भी सामने आया है कि यह एक विधायक की सिफारिश से यहां भर्ती हुआ था।

**निर्माण कार्य शुरू:** गेटोर की छतरी के पास से जेसीबी ने चालू की खुदाई

# नहीं चढ़नी पड़ेंगी सीढ़ियां, रोप वे से होंगे गढ़ गणेश के दर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रथम पूज्य भगवान गणेश के भक्तों के लिए खुशखबरी आई है। शहर के नाहरगढ़ की पहाडी पर विराजमान प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर तक रोप वे कार्य का शुभारम्भ बुधवार को हो गया है।

इसके लिए गेटोर की छतरी के पास से जेसीबी ने खुदाई करना शुरू कर दिया है। रोप वे बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए 365 सीढ़ी चढ़ने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और मात्र तीन मिनट में ही भक्तों को गणपति के दर्शन हो जाएंगे।



### महंत ने पूजा-अर्चना कर शुरू कराया कार्य

बुधवार को मंदिर महंत पं. प्रदीप औदिच्य और महेश औदित्य ने मशीन की पूजा अर्चना कर कार्य को शुरू कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज प्रथम पूज्य गणेश जी के मंदिर पर बहुप्रतिक्षित रोप वे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रोप के निर्माण से बुजुर्ग लोगों को ज्यादा फायदा हो पाएगा।

### मंत्री महेश जोशी ने निभाई बड़ी भूमिका

उन्होंने बताया कि रोप वे का लगना आसान कार्य नहीं था। पहाड़ी क्षेत्र वन विभाग में आने के कारण मार्ग की एनओसी नहीं मिल पा रही थी, लेकिन भगवान के आशीर्वाद से स्थानीय विधायक और जलदाय मंत्री महेश जोशी ने गढ़ गणेश मंदिर में रोप-वे के लिए फर्स्ट स्टेज में वन विभाग की सैद्धांतिक स्वीकृति दिलवाई और अन्य कई कार्य भी प्रशासन से कराए। इसके बाद रोप-वे बनाने के लिए वन विभाग की जमीन का डायवर्जन प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। इस प्रोजेक्ट के लिए 0.45 हैक्टेयर जमीन वन विभाग से ली गई है, जिसके बदले प्रशासन वन विभाग को दूसरी जगह जमीन उपलब्ध करवाएगा।

### गेटोर की छतरियों से शुरू होगी यात्रा

नहर के गणेशजी से गढ़ गणेशजी तक 290 मीटर दूरी हैं। इस दूरी को तय करने के लिए श्रद्धालुओं को 365 खड़ी सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्ग और विशेष योग्यजनों को होती हैं। ऐसे में नीचे से ही भगवान श्रीगणेश के हाथ जोड़कर पूजा-अर्चना करते हैं। रोप-वे बनने के बाद ये श्रद्धालु मंदिर तक आसानी से जा सकेंगे। यहां बनने वाले रोप-वे 6 ट्रॉलिया का सेटअप लगेगा और एक ट्रॉली में 6 व्यक्ति एक साथ बैठ सकेंगे।

**जेके लोन अस्पताल में लगी आग पर शुरू हुए आरोप-प्रत्यारोप**

# घमासान... गलती किसकी?

**अधीक्षक कैलाश मीना बोले- वाहवाही लूटने के लिए कपड़े में क्या लेकर भागा फायरकर्मी**

**हमारा मकसद जान बचाना, अपनी लापरवाही हम पर थोप रहा अस्पताल: फायर अधिकारी देवेन्द्र मीना**

**बेधड़क** | जयपुर

जेके लॉन के प्री-फैब्रिक कैंसर वार्ड में लगी आग भले ही 10 मिनट में बुझ गई हो, लेकिन अस्पताल प्रशासन और अग्निशमन विभाग की बीच अग्नि बयानों की लपटें अभी उठ रही हैं। हालांकि, घटना में लापरवाही की जांच की रिपोर्ट गुरुवार को आनी है, लेकिन दोनों ही विभाग एक-दूसरे को गलत और अपने को सही साबित करने में लग गए हैं।

अस्पताल अधीक्षक का कहना है कि आग इतनी बड़ी नहीं थी, हमने 10 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया था और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। फायर विभाग के अधिकारी वाहवाही लूटने के चक्कर में हमें बदनाम करने लग रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर हेरिटेज निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र मीना का कहना है कि मौके पर स्थिति देखने पर पता चला कि आग बड़ा रूप ले सकती थी। अगर हमारी टीम समय रहते आग नहीं बुझाती तो आग से एसी का कम्प्रेशर फट सकता था, जिससे बड़ी हानि होने का अंदेशा था। दोनों ही विभाग अपनी बात को सही बता रहे हैं। ऐसे में अब गुरुवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सच का पता चल पाएगा।





### अलार्म तक नहीं बजा था नए वार्ड में

मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र मीना ने बताया कि सबसे बड़ी बात है कि कोई जन हानि नहीं हुई, लेकिन आगे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रशासन को सिस्टम को चेक कराना चाहिए। आग लगने पर अलार्म भी नहीं बजा। ये लोग फोन करके लोगों को बुलाते रहे। कितनी गम्भीर लापरवाही है। वार्ड में एग्जिट गेट तक नहीं था। गलती छिपाने के लिए दूसरे दिन गेट पर पेंट से लिखवा रहे हैं। टीम ने अच्छा काम किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फायरकर्मी ने लाल कपड़े में बच्चे को वार्ड से बाहर निकाला था।

### फायरमैन के पास लाल कपड़े में कौन?

आग लगने की घटना के बाद मंगलवार सुबह फायर विभाग के देवेन्द्र मीना ने फोटो और वीडियो जारी किए थे, जिसमें बताया था कि आग लगने पर अस्पतालकर्मी वार्ड से भाग गए थे। फायरकर्मी ने बच्चों को बाहर निकाला। फोटो में फायरकर्मी लाल कपड़े में बच्चे को निकालता हुआ भी दिखाया गया। ऐसे में मीडिया में फोटो आने के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ.कैलाश मीना का कहना है कि पूरा मामला गलत है और तथ्य झूठे हैं। जितनी बड़ी आग अग्निशमन विभाग ने दिखाई है अगर उतनी आग होती तो पूरा वार्ड प्लास्टिक का बना हुआ है। जलकर खाक हो जाता। हमने तुरंत ही आग बुझा दी थी। अग्निशमन विभाग ने जिस बच्चे का फोटो और लाल कपड़ा वीडियो में दिखाया है, वह हमने सभी मरीज के परिजनों को पूछ लिया। कोई भी बच्चे और कपड़े की जिम्मेदारी लेने को हां नहीं कर रहा है। किसी भी बच्चे के परिजन ने नहीं कहा कि कपड़ा और बच्चा हमारा है। कपड़ा उस वार्ड का था ही नहीं। पूरा गलत और झूठा माहौल बनाया गया हैं। ऐसे झूठ फैलाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### घायल हुआ नर्सिंगकर्मी

उन्होंने बताया कि अस्पताल के नर्सिंगकर्मी प्रदीप मीमरोट ने सबसे पहले बिजली लाइन को काटा, जिससे अन्य जगह पर आग नहीं फैल पाई। हालांकि, आग बुझाते समय प्रदीप बेहोश भी हो गए थे जिन्हें साथी कर्मियों ने बाहर निकाला। इसके अलावा वरिष्ठ चिकित्सक गुरुदत ने वार्ड के ग्लास को तोड़ धुएं को बाहर किया, जिससे बच्चों को सांस लेने में दिक्कत नहीं आई। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए वार्ड बनाने वाली कम्पनी के इंजीनियर भी जांच कर रहे हैं। हमने भी कमेटी बना दी है।

**दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दर्ज**

# होटल में तोड़फोड़, मंत्री के भतीजे के खिलाफ एफआईआर



**बेधड़क** | जयपुर

वैशाली नगर थाना इलाके में क्वींस रोड स्थित एक होटल में मंगलवार रात को महिला पर कमेंट्स करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। मामले की सूचना पर मोके पर पहुंची पुलिस ने अश्लील कमेंट्स करने वाले एक युवक को हिरासत में लिया है।

हालांकि, इस मामले में होटल की तरफ से मंत्री प्रताप सिंह के भाई करण सिंह के बेटे हर्षदीप सिंह पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस दौरान मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया है, जिसमें कुछ युवक पुलिस की मौजूदगी में मारपीट करते व होटल में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि निवारू रोड निवासी एक व्यक्ति रात को पत्नी के साथ होटल काउंटी इन में खाना खा रहा था। इस दौरान एक व्यक्ति ने नशे की हालत में उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी कर दी। उस समय सिविल लाइंस निवासी भानुप्रताप भी होटल में खाना खा रहे थे। जब अश्लीलता करने वाले व्यक्ति को बाहर जाने के लिए कहा तो उसने चाकू से हमला करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि महिला के पास में बैठे हर्षदीप सिंह खाचरियावास ने उन्हें बचाया। हर्षदीप कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का भतीजा बताया जा रहा है। हालांकि, भानू प्रताप ने भी अश्लीलता करने वाले व्यक्ति के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया है। थानाप्रभारी शिवनारायण ने बताया कि बताया दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दी गई है। अभी मामले की जांच की जा रही है। होटल के भवानी सिंह ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**दो दशक पुराने मामले में हाउसिंग बोर्ड की जीत**

# 65 करोड़ की भूमि पर मिला स्वामित्व

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल की हाईकोर्ट में हुई बेहतर पैरवी से दो दशक से भी पुराने चल रहे मामले में जीत हासिल की है, जिसके बाद मंडल को लगभग 65 करोड़ की 6350 वर्ग मीटर बेशकीमती भूमि का स्वामित्व हासिल कर लिया है।

आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल की सम्पत्ति आवंटन समिति ने 2001 में महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान को मानसरोवर आवासीय योजना के सैक्टर-5 में सामुदायिक विकास केन्द्र के लिए 6350 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की। आवंटन पत्र प्राप्त करने के लिए 50 लाख 60 हजार 633 रुपए तीन माह में जमा करवाने थे। बार-बार नोटिस के बावजूद राशि जमा नहीं कराई गई। अरोड़ा ने बताया कि ऐसे में वर्ष 2004 में संस्था को आवंटित भूमि का आवंटन निरस्त कर जमा 2 प्रतिशत राशि जब्त कर ली गई। संस्था ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की और 2007 में स्थगन ले लिया। मंडल द्वारा बेहतर पैरवी पर उच्च न्यायालय से 11 जुलाई को 2023 को निर्णय पारित कर अपील खारिज कर दी गई, जिससे मंडल की भूमि से स्थगन आदेश हट गया और 6350 हजार वर्ग मीटर भूमि मंडल के स्वामित्व में आ गई।

**नांगल जैसा बोहरा में फ्रूट पार्क योजना का विरोध**

# 1000 पौधे ले गई थीं मेयर, 1 लगा पाईं

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम की नांगल जैसा बोहरा में बनने वाली फ्रूट पार्क योजना स्थानीय लोगों के विरोध के बाद ठंडे बस्ते में चली गई। एक लाख पौधे लगाने के लक्ष्य को लेकर गई महापोर सौम्या गुर्जर लोगों के विरोध के कारण सिर्फ एक ही पौधा लगा पाई। हुआ यूं कि ग्रेटर निगम ने वार्ड 19 में चौगान बाबा मंदिर तलाई, नांगल जैसा का बोहरा के पास ग्रेटर फ्रूट पार्क विकसित करने की की योजना बनाई थी। तीन दिन से यहां जमीन को समतल करने का काम चल रहा था। बुधवार को जैसे ही महापौर सौम्या गुर्जर आयुक्त महेंद्र सोनी और अन्य पार्षद योजना का शिलान्यास करने पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। लोगों का तर्क था कि क्षेत्र में एक मात्र यही मैदान है। फ्रूट पार्क विकसित हो जाने से बच्चों का खेल मैदान खत्म हो जाएगा। इस दौरान निगम करीब एक हजार फलों के पौधे लेकर गए थे। मेयर ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। आखिर में महापौर सोम्या गुर्जर वहां एक ही पौधा लगाने के बाद छोटे स्तर पर संबोधित कर लौट आई।



> वार्ड में फ्रूट पार्क योजना को शुरू किया गया है। इससे वार्ड की शोभा बढ़ेगी। कुछ लोगों ने आपत्ति की थी, बच्चों के पार्क के लिए भी जगह छोड़ी जाएगी।
>
> **बाबूलाल शर्मा,** पार्षद वार्ड 19 ग्रेटर

**प्रदर्शन: उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां और विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा के सामने रखी मांगें**

# पुजारियों पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए जल्द बने कानून

**बेधड़क** | जयपुर

पुजारी सेवक महासंघ के तत्वावधान में प्रदेश के सैकड़ों पुजारी अपनी पंद्रह सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुजारियों ने भाजपा के उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां और विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा से पुजारियों की 15 मांगों को पूरा करने के लिए कहा। रम्भू पंडित ने कहा कि पुजारियों को भिखारी बनाने की मानसिकता राष्ट्र घातक है।

पुजारी आशीर्वाद देना जानता है तो श्राप देना भी जानता है। हाथोज धाम के महाराज महा मंडलेश्वर बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि सरकार पुजारी-सेवकों के लिए सकारात्मक रुक अपनाकर पुजारियों की सभी मांगों को पूरा करें। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि मंदिर भारत की एकता-अखंडता-राष्ट्रीयता के केंद्र हैं। मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक भी है।

पुजारियों की मांग पर सरकार को जरूर अमल करना चाहिए। प्रदर्शन में आए नेताओं ने राजस्थान में वैदिक संस्कार एवं शिक्षा बोर्ड के गठन, पुजारियों की हत्या, आत्म बलिदान के दोषियों को सजा, पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार से सहायता, संत-महात्माओं और पुजारियों पर होने अत्याचार-प्रताड़ना को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान की मांगों पर जोर दिया। महाप्रदर्शन में जुटे पुजारियों को चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास मंडल सभापति एस डी शर्मा, पुजारी सेवक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष रंभू पंडित, महामंत्री रोशन लाल भारद्वाज ने भी संबोधित किया। प्रदेश प्रमुख महामंत्री रतन लाल शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन में प्रदेश के विभिन्न मंदिरों से जुड़े संत-महंत, पुजारी, पुरोहित एवं सेवक परिवार सहित शामिल हुए।



फोटो: पंकज शर्मा

### SMS गेट पर गणेश चालीसा का पाठ

राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में धरना दे रहे नर्सेज ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बुधवार को गणेश चालीसा का पाठ किया। जिला संयोजक अनेश सैनी ने बताया कि बुधवार को जेके लोन हॉस्पिटल के गोविंद शर्मा, पवन सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नर्सेजों ने गणेश चालीसा का पाठ किया। धरने में महिपाल सामोता, राजू सिंह, सोम सिंह मीणा, आशीष भारद्वाज, मनोज दुब्बी, शकुंतला पूनियां, ममता दुबे, राजू सिंह, नरेन्द्र कुमार, पिंकी, हेमंत, रमेश सैनी, संजीव यादव, पवन, रणजीत सहित सैकड़ों नर्सिंगकर्मी सम्मिलित हुए।



### गणेश जी को दशहरा महोत्सव का निमंत्रण

विधाधर नगर दशहरा महोत्सव आयोजन समिति ने बुधवार को दशहरा महोत्सव के लिए भगवान गणेश जी को निमंत्रण दिया। समिति सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि कार्यक्रम 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक होगा। विधाधर नगर स्टेडियम में 15 अक्टूबर से तीन दिन कवि डॉ. कुमार विश्वास अपने-अपने राम का वाचन करेंगे। 24 अक्टूबर को राजस्थान का सबसे बड़ा रावण दहण होगा, दशहरा महोत्सव में मुख्य आकर्षण राजस्थान की सभी गढ़ व छत्रियों का द्वार होंगे। मेले में राजस्थान की सभी प्रसिद्ध चाट व स्टाल का मिश्रण होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के मेम्बर डॉ. सुनिल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, टीकू राठौड़, सुभाष शर्मा, दीपक शर्मा, महेन्द्र शर्मा, बजरंग, दीपक गर्ग, पंकज जोशी, सचिन रावत, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### मगरमच्छ को सड़क पर देख लोगों में दहशत



**कोटा।** कोटा शहर के तलवंडी इलाके में तेजा मंदिर ट्रस्ट के पास के नाले से एक मगरमच्छ निकलकर पुलिया पर होता हुआ दूसरी तरफ नीचे उतर गया। काफी देर तक वह पुलिया पर भी रुका रहा है। वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मगरमच्छ की लंबाई करीब 4 फीट है. वन विभाग अब वीडियो की जानकारी जुटा रहा है। बीच रास्ते मगरमच्छ को देखकर वाहन चालक रुक गए वहीं लोग दहशत में आ गए।

### मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का हो आयोजन

**माउंट आबू।** आबू पर्वत क्षेत्र में बिपरजॉय तूफान से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित करने की मांग उठने लगी है। इसके लिए राजस्थान उच्च न्यायालय ने इसके लिए आदेश दिए हैं। पार्षद व पूर्व मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य रहे सौरभ गांगड़िया ने इसके लिए पत्र लिखा है। इसमें कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि अतिशीघ्र मॉनिटरिंग समिति की बैठक कर आबू के जन हित व पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों पर चिंतन कर समाधान किया जाना चाहिए। बिपरजॉय तूफान से क्षतिग्रस्त हुए घरों की मरम्मत के लिए आए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के साथ निर्माण सामग्री आबू पर्वत पर ही उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

### बदमाशों ने टोल मांगने पर कर्मचारी को मारी गोली



**सीकर।** जिले के रलावता कस्बे के टोल प्लाजा पर बुधवार सुबह बदमाशों ने टोल मांगने पर कर्मचारी पर गोली चला दी। गोली लगने से एक टोलकर्मी घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे जयपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार एक बिना नंबर की तेर रफ्तार स्विफ्ट का बैरियर तोड़ते हुए टोल से आगे निकलने लगी। इस दौरान टोल कर्मियों ने कार को रोका और टोल मांगा। इससे गुस्साए कार सवार नीचे उतरे और एक टोलकर्मी पर गोली चला दी। सूचना मिलने के बाद कार को नीम का थाना पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने कार सवार चार युवक और एक युवती को गिरफ्तार कर लिया है।

**तबीजी गांव में जल से सकंट:** सरपंच ने कलेक्टर और अधिकारियों से गांव को बचाने की लगाई गुहार

# आनासागर झील का पानी बना मुसीबत, खेत बन गए तालाब

**बेधड़क** | अजमेर

आनासागर झील से बहने वाला पानी तबीजी गांव के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। झील से निकला पानी खेलों को लबालब करने के बाद अब घरों में घुस रहा है। इस पानी से शहर की निचली बस्तियां जलमग्न हो चुकी हैं। वहीं अब शहर के बाहर तबीजी गांव के कई एकड़ खेत तालाब बन चुके हैं। हालात यह हैं कि पानी अब खेतों से गांव में घुस आया है।

सरपंच ने कलेक्टर और डीएफसीसीएएल के अधिकारियों से गांव को बचाने और समस्या का निराकरण करने की मांग की है। अजमेर शहर के बीचोंबीच खूबसूरत आना सागर झील का दायरा पाथ-वे बना कर घटाने का नतीजा अजमेर दक्षिण क्षेत्र की निचली बस्ती के लोग ही नहीं बल्कि तबीजी गांव के लोग भी भुगत रहे हैं। बारिश के कारण झील के बड़े स्तर को कम करने के लिए लगातार चैनल गेट से एस्केप चैनल में पानी निकाला जा रहा है। इस बीच तेज बारिश से एस्केप चैनल ओवरफुल हो रहे हैं और इनका पानी निचली बस्तियों में घुस रहा है।



एस्केप चैनल में आगे चलकर यही पानी तबीजी ग्राम पंचायत क्षेत्र के खेतों और अब गांव में घुस गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर भारती दीक्षित को कहा है कि वे आनासागर चैनल गेट के गेज को कम करें ताकि पानी गांव में नहीं आए।

### लोगों को जान-माल का खतरा

आनासागर एस्केप चैनल से काफी मात्रा में आए पानी ने तबीजी गांव के खेतों को भर दिया है। वहीं यह पानी गांव तक पहुंच गया है। इससे लोगों को जानमाल का खतरा पैदा हो गया है। सरपंच ने बताया कि तबीजी में डीएफसीसीएएल की ओर से आना सागर नाले के ऊपर एक पुलिया का निर्माण किया गया। इसमें छोटे-छोटे पाइप लगाए गए हैं। उसकी ऊंचाई खेतों से 3 फीट ज्यादा है, जिसके कारण आनासागर नाले का पानी खेत-खलिहान को बर्बाद कर रहा है। गैना ने बताया कि ग्राम पंचायत तबीजी की ओर से डीएफसीसीएएल के अधिकारियों से भी मांग की गई है कि आनासागर नाले के ऊपर बनी हुई रेलवे की पुलिया तकनीकी रूप से ठीक नहीं है। पुलिया के कारण लोगों का नुकसान हो रहा है। उन्होने बताया कि गांव में पानी ज्यादा बढ़ता है, तो गांव का संपर्क भी शहर की मुख्य सड़क से टूट जाएगा।

### किसानों को भारी नुकसान

तबीजी गांव के सरपंच राजेंद्र गैना ने बताया कि गांव में कई एकड़ कृषि भूमि पर पानी भरा हुआ है। इसके चलते किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। पानी भरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आनासागर झील से पहले भी पानी चैनल गेट के माध्यम से एस्केप चैनल में छोड़ा गया है, लेकिन कभी भी चैनल गेट 6 सेंटीमीटर से अधिक नहीं खोला गया, लेकिन इस बार चैनल गेट 15 सेंटीमीटर खोले गए हैं। ज्यादा पानी छोड़ने की वजह से शहर की निचली बस्तियों में पानी घरों में घुस गया है और सड़के दरिया बनी हुई हैं। पिछले 20 दिनों से झील से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

**नाली बेड में 5700 क्यूसेक पानी छोड़ने से** बढ़ा बाढ़ का खतरा

# घग्घर में खतरे के निशान पर जल सैलाब, दो जगह रिसाव से हड़कंप

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

जिले से होकर गुजर रही घग्घर नदी में बुधवार को जल सैलाब खतरे के निशान पर पहुंच गया। इसी बीच नदी क्षेत्र तटबंधों में दो जगह पानी का रिसाव होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। नाली बेड में 5700 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा था, जो खतरे का निशान है। नाली बैल्ट की परखी हुई क्षमता 5500 क्यूसेक है। ऐसे में खतरे के निशान पर पानी प्रवाहित होने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

सुबह डबलीराठान के सहजीपुरा गांव के पास बहलोल नगर की ओर बांध में किसान के खेत में सिंचाई के लिए दबी पाइप से नदी का पानी लीकेज होना शुरू हो गया। बांध में कटाव आने की सूचना पर ग्रामीण, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति पर काबू पाया। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रताप, पूर्व जिला प्रमुख कृष्ण चोटिया भी मौके पर पहुंचे। दूसरी ओर टिब्बी के पास घग्घर नदी की आरडी 9, बिहारी बस्ती के पास मोघे में भी सुबह पानी का रिसाव होने लगा।



मोघे में रिसाव से घग्घर नदी का पानी खेतों में भर गया। जेसीबी और ग्रामीणों की मदद से रिसाव की जगह को ठीक कर स्थिति को नियंत्रित किया। इससे बाद दोनों जगह खतरा टल गया है। रावतसर के भैरूसरी गांव के चक तीन एसपीडी के पास सेमनाला भी टूटने की कगार पर है। सेमनाला टूटने से करीब 500 से 600 बीघा भूमि में तालाब में तब्दिल हो गई। इससे किसानों को काफी नुकसान होने की बात कही जा रही है। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों ने पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की।

बाढ़ के खतरे को टालने के लिए बांधों को दुरुस्त कर नाली बेड में करीब 6 हजार क्यूसेक पानी चलाने की तैयारी है। दूसरी ओर पानी को इंदिरा गांधी फीडर में प्रवाहित करने के लिए खोले गए सभी गेट की सफाई अब पूरी हो चुकी है।

### जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

घग्घर नदी में पानी बढ़ने का क्रम लगातार जारी रहने पर जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के अधिकारी बुधवार को भी हाई अलर्ट मोड पर रहे। बुधवार को जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग ने आरडी 98, आरडी 180, आरडी 133 और आरडी 158 का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अमरजीत मेहरड़ा, नोहर एडीएम चंचल वर्मा, हनुमानगढ़ एसडीएम डॉ. अवि गर्ग, भादरा एसडीएम शकुंतला चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी साथ रहे। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को तटबंधों पर लगातार चौकसी करने और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासन की ओर से रावतसर तहसील क्षेत्र के 4 गांव अति संवेदनशील में चिह्नित किए गए। जिला कलेक्टर रावतसर तहसील क्षेत्र में जीडीसी 108 आरडी पर भी पहुंचीं और व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों से जीडीसी की पटरी पर पहरा देने की अपील भी की।

### पटवारियों की ड्यूटी लगाने के दिए निर्देश

जिला कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीडीसी की हर आरडी पर अन्य तहसीलों से पटवारियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि मिनट-टू- मिनट पानी की मॉनिटरिंग हो सके। इसके साथ उन्होंने 108 आरडी पर अधिक पानी आने पर बेरिकेटिंग के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर रावतसर तहसील के गांव कलालांवाली में पहुंची तो ग्रामीणों ने जीडीसी पर लाइट की सुविधा नहीं होने की समस्या बताई। ग्रामीणों का कहना था कि रात के समय पूरे गांव में खतरे का माहौल बना हुआ है। इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग के एसई को फोन कर तुरंत विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि अगर बाढ़ का ज्यादा खतरा है तो ग्रामीणों गांव को तुरंत खाली कर दें।

**सुभाष नगर थाना क्षेत्र की घटना**

# गन्ने के जूस की मशीन ने निगली दो कामगारों की जान

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

उन दोनों में गहरी गहरी दोस्ती थी, रोजाना साथ सोते और साथ उठते, मगर एक दिन ऐसा आया कि रोजाना होने वाला यह सिलसिला हमेशा के लिए थम गया और दोनों की एक साथ मौत हो गई। यह कहानी है दो कामगार दोस्तों की। मामला शहर के बस स्टैंड के मेन गेट का है। जहां बुधवार सुबह तेज बारिश के बीच गन्ने की मशीन के तार से करंट आने से पानी में करंट फैलने पर एक दिव्यांग समेत दो की मौत हो गई।

सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि बुधवार सुबह बस स्टैंड के मैन गेट पर करंट फैल जाने से बाबूलाल मीणा और नौशाद नाम के युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाबूलाल और नौशाद दोनों बस स्टैंड पर सोते थे और साथ उठते थे। बाबूलाल दिव्यांग था और बस स्टैंड के पास स्थित एक दुकान पर पंक्चर बनाने का काम करता था। वहीं, नौशाद बस स्टैंड पर स्थित एक होटल में काम करता था। पुलिस ने बताया कि मंगलवार देर रात बारिश की वजह से बस स्टैंड परिसर में पानी भर था।

गन्ने का ज्यूस निकालने की मशीन का बिजली का तार लोहे के पाइप को छू गया था। इससे बाबूलाल उसकी चपेट में आ गया। उसे बचाने के प्रयास में नौशादी की भी मौत हो गई।



### डर के मारे कोई नहीं आया पास

करंट की चपेट में आए दोनों युवकों को लोग तड़पते हुए देखते रहे, लेकिन उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। हादसे की सूचना पर पहुंची सुभाष नगर पुलिस ने दोनों शव को मोर्चरी में रखवाया।

**सीआईडी-सीबी ने पकड़ी 75 लाख की अफीम,** दो तस्कर गिरफ्तार

# पुलिस देख 8 किलो अफीम पानी में घोली

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान पुलिस लगातार नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। मादक पदार्थों की खेप पकड़ में आ रही है। ताजा मामला चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू थाना क्षेत्र का है। जहां संगठित अपराध के खिलाफ सीआईडी क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की टीम ने कार्रवाई की।

वहां के रामपुरिया गांव में दबिश देकर दो तस्करों को पकड़कर 75 लाख कीमत की 2 किलो अफीम, 8 किलो अफीम का 260 लीटर घोल, 24 किलो अफीम डोडा चुरा समेत एक स्कॉर्पियो, तीन बाइक और दो मोबाइल जब्त किए गए।



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कमल सिंह, रामनिवास, कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह, गोपाल लाल, विजय सिंह व विश्राम को सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ के बेंगू थाना क्षेत्र में रामपुरिया गांव निवासी राधेश्याम धाकड़ ने अपने घर में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ छुपा रखा है।

सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन और पुलिस निरीक्षक रामसिंह नाथावत के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम ने बेंगू थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी राधेश्याम धाकड़ के घर पर दबिश दी।

### 260 लीटर घोल को किया जब्त

पुलिस को आता देख राधेश्याम भाग कर छत पर चला गया और चार प्लास्टिक की थैलियों में भरी 8 किलो ग्राम अफीम छत पर बनी पानी की टंकी में फेंक दी। मौके पर थाना पुलिस की टीम ने आरोपी श्याम लाल गुर्जर और राधेश्याम धाकड़ को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। टंकी में घोली गई 8 किलो अफीम के 260 लीटर घोल को टीम ने 13 प्लास्टिक के जरीकेन में भर जब्त किया। घर की तलाशी में मिली 2 किलो शुद्ध अफीम, 24 किलो अफीम डोडा चूरा के साथ एक स्कॉर्पियो, 3 बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किए गए।

**पेट दर्द होने पर अस्पताल में** इलाज के बाद पता लगा

# तांत्रिक ने भूतनी निकालने के नाम पर नाबालिग की लूटी अस्मत

**बेधड़क** | बीकानेर

भूतनी निकालने के नाम पर एक तांत्रिक कई दिनों तक नाबालिग की अस्मत लूटता रहा। घटना का पता तब चलता जब दो दिन पहले बेटी के पेट में दर्द होने पर परिजन अस्पताल के इलाज के बाद जब वापस पहुंचे तो बेटी ने अपनी मां को तांत्रिक की करतूत के बारे में बताया।

मामला बीकानेर के खाजूवाला का है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने एक साल के अंदर कई बार उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उनका परिवार पिछले साल सादुलशहर के हाकमाबाद में रहने वाले तांत्रिक महेंद्र नाथ मेघवाल के संपर्क में आया था। बच्ची के पिता की कमर में दर्द रहता था।

उन्हें पता चला कि तांत्रिक महेंद्र नाथ डोरा ताबीज करता है, जिससे दर्द ठीक हो जाता है। इसके बाद उन्होंने तांत्रिक को अपने घर पर बुलाया और डोरा ताबीज कराया। बस फिर क्या था तांत्रिक महेंद्र नाथ का उनकी ढाणी में आना-जाना शुरू हो गया। महेंद्र डोरा ताबीज करने के दौरान कमरा अंदर से बंद कर लेता था।

### जान से मारने की देता था धमकी

आरोप है कि एक साल की अवधि में महेंद्र नाथ ने दो-तीन बार नाबालिक लड़की को डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं विरोध करने पर वह मारपीट करता था और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता है। वह कहता तेरे अंदर भूतनी है, जो भाग जाएगी। पुलिस आरोपी तांत्रिक की तलाश में जुटी हुई है।

**पीएम की सभा को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक में कांग्रेस पर प्रहार**

# प्रदेश में तुष्टीकरण की राजनीति से बढ़े अपराध: चौधरी

**बेधड़क** | सीकर/झुंझुनूं

केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा है कि पहले यूपी में दंगे होते थे और राजस्थान सबसे शांत प्रदेश होता था। अब राजस्थान सबसे ज्यादा दंगों वाला प्रदेश बन गया है। आज उत्तर प्रदेश शांत है, लेकिन राजस्थान शांत नहीं है। इसका यही मतलब है कि आज राजस्थान में तुष्टीकरण की राजनीति होती है। इसके चलते अपराध बढ़ रहे हैं। राजस्थान में रेप जैसी घटनाएं तो प्रतिदिन हो रही है।

चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस विधायकों का कहना है कि कांग्रेस के राज में वे खुद सुरक्षित नहीं है और उन पर भी हमले हो रहे हैं, तो आमजन की सुरक्षा कैसे संभव होगी। केन्द्रीय मंत्री आगामी 27 जुलाई को सीकर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर लोहिया रिसोर्ट में आयोजित की गई कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने झुंझुनू में भी कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने आरएसएस के बारे में एक बड़ा ही अमर्यादित बयान दिया था और कहा था कि हमारी सरकार दोबारा फिर से आने दो इन संघ वालों का हम क्या करेंगे, हम इन लोगों को कहां घुसा देंगे...यह चीज आप लोगों ने भी अच्छी तरह से सुनी है। अगर अगली बार कांग्रेस की सरकार आई तो वह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करेगी। बैठक में सांसद सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा जिलाध्यक्ष इंदिरा चौधरी, झुंझुनूं जिलाध्यक्ष पवन मांवडिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, सुभाष महरिया, महामंत्री भजनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश, रतन जलधारी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।




### पेपरलीक में कांग्रेस के कई लोग शामिल

बैठक के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व राज्यमंत्री गोपाल केसावत को एसीबी ने 18 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा है। केसावत अकेला व्यक्ति नहीं है, इसमें कांग्रेस सरकार के बहुत सारे लोग शामिल हैं। पहले बाबूलाल कटारा जो आरपीएससी के मेंबर बने हैं उन्होंने कहा था कि डेढ़ करोड़ रुपए उन्होंने इस पद के लिए दिए थे। जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक करोड़ युवाओं का भविष्य खराब किया है।

### हमारी योजना से चमका रहे अपना लेवल

इससे पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते साधा। उन्होंने कहा कि 'हमारी योजनाओं से वो अपना लेवल चमकाते हैं। जोशी ने भाजपा कार्यकर्ताओं ने सवाल करते हुए पूछा कि आपके गांवों में सड़कें कौन बनवाता है, मनरेगा का पैसा कौन भेजता है, प्रधानमंत्री आवास का पैसा कौन भेजता है, उज्जवला गैस कनेक्शन कौन भेजता है, शौचालय किसने बनवाएं। राज्य सरकार भ्रष्टाचार के अलावा कोई काम नहीं करती।

# फायरिंग के छह आरोपी धरे, चार वाहन जब्त किए

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए नेशनल हाईवे स्थित हीरा होटल पर रॉयल्टी नाका कर्मियों व होटल संचालकों के बीच उपजे विवाद व फायरिंग मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मामले में चार वाहन को जप्त किया गया है। फायरिंग की घटना में 4 लोग घायल हुए थे। इसमें एक गंभीर घायल को उदयपुर रेफर किया था।

पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि नाका कर्मियों व होटल संचालकों में आपस में विवाद हुआ। नाका कर्मियों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर होटल पर हमला कर दिया। नाका कर्मियों ने विवाद बढने पर भूपेंद्रसिंह उर्फ टम्मु को मौके पर बुला लिया। उसने फायरिंग कर दी। इससे चार व्यक्ति फायरिंग से घायल हुए। घायल डालू जाट की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया।

पुलिस व डीएसटी टीम जाब्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपियों में बराड़ा थाना सदर चित्तौड़गढ़ निवासी करण सिंह, बलवंत सिंह उर्फ बलविर सिंह, जीवन रावत, हाउसिंग बोर्ड कुम्भा नगर चित्तौड़गढ़ निवासी मुकेश छींपा, करणीमाता का खेड़ा प्रतापनगर चितौड़गढ़ निवासी दिनेश कीर व लालजी का खेड़ा थाना सदर चित्तौड़गढ़ निवासी सुखदेव गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। घटना के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

### इनीशिएटिव: बच्चों के साथ पेरेंट्स की भी होगी काउंसलिंग

# एम्बेसी स्कूल में शुरू हुई प्रदेश की पहली चाइल्ड काउंसलिंग लैब



**बेधड़क** | जयपुर

रामनगर सोडाला स्थित एम्बेसी मिलेनियम सीनियर सैकंडरी स्कूल में बुधवार को प्रदेश की पहली ह्यूमन डवलपमेंट, चाइल्ड गाइडेंस व काउंसलिंग लैब शुरू हुई। सभी तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित लैब का उद्घाटन एम्बेसी मिलेनियम स्कूल के निदेशक निर्मल पंवार ने स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ फीता काटकर किया। मानवीय विकास व संपूर्ण चाइल्ड गाइडेंस के लिए एम्बेसी मिलेनियम स्कूल में दस लाख



रुपए की लागत से इस तरह की प्रदेश की पहली लैब स्थापित की गई है।

निर्मल पंवार ने बताया कि ह्यूमन डवलपमेंट व चाइल्ड काउंसलिंग लैब में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्टूडेंट्स के साथ उनके पेरेंट्स की भी काउंसलिंग की जाएगी। इस लैब में काउंसलर्स बच्चों और पेरेंट्स में उनके विकास और पढ़ाई को लेकर होने वाले असमंजस को दूर करेंगे। साथ ही यह लैब बच्चे के संपूर्ण विकास और भविष्य की चिंताओं को दूर करने में मदद करेगी। इस लैब में विशेष रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर फोकस किया जाएगा। एम्बेसी स्कूल को प्री-प्राइमरी स्कूल से रिनोवेट कर नए सिरे आधुनिक शिक्षा प्रणाली के हिसाब से तैयार किया गया है।

#### बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

इससे पहले 'किड्स फेस्टा' कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न फिल्मी गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर समेत कई कॉम्पीटिशन भी रखे गए। अंत में विजेता और मेधावी बच्चों को पुरस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर अभिभावक भी उपस्थित थे।

## Yuva स्टोरीज




**बच्चों ने बिखेरे अलबेली संस्कृति के रंग |**

**जयपुर।** रामबाग चौराहा स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल का परिसर बुधवार को भारत की रंग बिरंगी संस्कृति के रंगों से गुलजार हो उठा। मौका था स्कूल में शुरू हुए दो दिवसीय इंटर स्कूल इवेंट्स का। 'कल्चरल यूनिटी इन इंडिया' थीम पर आयोजित इवेंट की शुरुआत प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने दीप प्रज्जवलन कर की। पहले दिन पहचान कौन, टुगेदर वी राइम, क्रिएट रील टर्न अराउंड जैसी प्रतियोगिताओं में नन्हे स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक के स्टूडेंट्स शामिल हुए। प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने बताया कि पहले दिन के कॉम्पिटिशन में जयपुर इंटरनेशनल स्कूल पहले स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम व तीसरे स्थान पर जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल रहे। विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आरजे शिवांगी और समाचार वाचिका दिव्या चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई | इस इंटर स्कूल इवेंट में सीबीएसई से संबद्ध 25 से ज्यादा स्कूल पार्टिसिपेट कर रहे हैं। गुरुवार को कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के बच्चे कवर पेज डिजाइनिंग, इंडियन फोक सोंग, पेंट विदाउट ब्रश जैसे कॉम्पिटिशन्स में भाग लेंगे।



**'समुद्र एवं पर्यावरण' विषय पर हुई वेबिनार |**

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित सेण्ट विल्फ्रेड कॉलेज फॉर गर्ल्स में 'समुद्र एवं पर्यावरण' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज की ओर से 'भूमि' संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वेबिनार में पर्यावरण, समुद्र व जन्तु कल्याण के विषय पर चर्चा की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनीषा तिवारी ने बताया कि आज इस बात की जरूरत है कि हम नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरुक करें क्योंकि लागों की क्रियाएं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण को प्रभावित करने का कार्य करती है। उन्होंने पौधरोपण को पर्यावरण संरक्षण का आधार बताया। सचिव डॉ. केशव बड़ाया ने पर्यावरण के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागृति को आवश्यक बताते हुए इसमें आम जनता एवं बुद्धिजीवी वर्ग की भूमिका के महत्व को स्पष्ट किया। वेबीनारे का संयोजन ध्वनि गंगल ने किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

CUET PG
2023

**CUET-PG की फाइनल आंसर की जारी |**

**जयपुर।** देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित अन्य विश्वविद्यालयों व संस्थानों के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश के लिए हुई सीयूईटी- पीजी की फाइनल आंसर-की रिलीज हो गई है। एनटीए ने बुधवार को फाइनल आंसर की ऑफिशियल वेबसाइट cuet.nta.nic पर जारी की। इस साल आयोजित हुई सीयूईटी-पीजी में 14.90 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। सीयूईटी-पीजी का रिजल्ट इस महीने के अंत तक आ सकता है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल सीयूईटी पीजी का रिजल्ट 23 जुलाई तक घोषित हो सकता है। इस परीक्षा का आयोजन 5 से 17 जून तक कराया गया था। 22 से 30 जून तक परीक्षा का एक अन्य चरण आयोजित हुआ था।

**NEET-UG काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन आज से |**

**जयपुर।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (MCC) की ओर से नीट-यूजी काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन गुरुवार से शुरू होंगे। काउंसलिंग में शामिल होने के लिए कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट mcc.nic.in के जरिए अप्लाई कर सकते हैं। काउंसलिंग के पहले राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। उम्मीदवार 22 जुलाई से 26 जुलाई के बीच मेडिकल कॉलेजों और कोर्स की चॉइस भरकर सीट लॉक कर सकते हैं। पहले राउंड के लिए सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 29 जुलाई को घोषित किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद कैंडिडेट्स को 31 जुलाई से 4 अगस्त के बीच अलॉटेड कॉलेजों में रिपोर्ट करना होगा। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 9 अगस्त को शुरू होंगे और 14 अगस्त तक चलेंगे। कैंडिडेट्स 15 अगस्त तक चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। दूसरे राउंड की काउंसलिंग का रिजल्ट 18 अगस्त को जारी किया जाएगा।

### IIS यूनिवर्सिटी में हुआ ऑरिएन्टेशन प्रोग्राम



# जिज्ञासा और खुशी के साथ स्टूडेंट्स का 'दीक्षारंभ'





**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी कैंपस में नए स्टूडेंट्स के चेहरों पर नए माहौल को जानने की जिज्ञासा, भविष्य में कुछ बनने की उम्मीद और नए साथियों से मिलने की खुशी का अनूठा फ्यूजन देखने को मिला। मौका था यूनिवर्सिटी के दो दिवसीय अंडर ग्रेजुएट स्टूडेन्ट ऑरिएन्टेशन प्रोग्राम 'दीक्षारंभ' की शुरुआत का। यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने नवांगतुक स्टूडेंट्स का अभिनंदन करते हुए उन्हें सफल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक स्टूडेंट्स ने उत्साह के साथ भाग लिया। नवांगतुक स्टूडेंट्स का तिलक लगाकर वेलकम किया गया।

इस दौरान स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी कैम्पस विजिट किया और यहां प्रेयर में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान हुए दिलचस्प सेशन्स में रोचक अनुभव पाकर




स्टूडेंट्स के चेहरे खिल उठे।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. टीएन माथुर ने 'बदलाव की तैयारी प्रारंभ' विषयक मुख्य सेशन में एकेडमिक व प्रोफेशनल कोर्सेज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवन शैली, लगन और मेहनत से ही अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

प्रो. शिल्पी रिझवानी ने अपने सेशन में स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास की अहमियत पर चर्चा की। उन्होंने आईआईएस यूनिवर्सिटी में चल रहे मौजूदा अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के साथ अन्य कोर्सेज और सुविधाओं का जिक्र करते हुए स्टूडेंट्स के सामने यूनिवर्सिटी का खाका खींचा। उन्होंने मॉडर्न इंडियन लैंग्वेज को स्डडी का अहम हिस्सा बताया।

उन्होंने कहा कि इस यूनिवर्सिटी में एनसीसी, स्पोर्ट्स, एनएसएस जैसी दूसरी तरह की को कॅरिकुलर एक्टीविटीज से स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलता है। अंत में आईआईएस यूनिवर्सिटी कर रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

#### स्टूडेंट की ग्रोथ में पेरेंट्स की भूमिका पर चर्चा

दीक्षारंभ के अंतर्गत हुए पेरेंट्स ऑरिएंटेशन सेशन में प्रो. दीपिका सिंह ने स्टूडेंट्स के शैक्षिक जीवन में पेरेंट्स की भूमिका की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पेरेंट्स को इफेक्टिव पेरेंटिंग के बारे में बताते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए करने योग्य कामों के बारे में बताया। इस इंटरेक्टिव सेशन में उन्होंने पेरेंट्स से बातचीत कर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। इसके बाद आयोजित मोटिवेशनल टॉक में मोटिवेशनल स्पीकर विक्रम शर्मा ने स्टूडेंट्स को सक्सेस मंत्र दिए। उन्होंने विभिन्न गेम्स और रोचक स्टोरीज के माध्यम से टाइम मैनेजमेंट पर दिलचस्प ढंग से अनुभव शेयर किए।

### चार दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'ईकॉन-2023' आज से

# एपिलेप्सी पर चर्चा के लिए आज से जुटेंगे देश विदेश के एक्सपर्ट

ECON 2023
JOINTLY ORGANISED BY: IEA & IES

**बेधड़क** | जयपुर

मिर्गी ऐसी बीमारी है जिसकी जागरुकता से ज्यादा भ्रांतियां प्रचलन में है। इस बीमारी के इलाज की नवीनतम तकनीकों और नए रिसर्च की जानकारियां साझा करने के लिए गुरुवार से चार दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'ईकॉन-2023' का आयोजन किया जा रहा है। इंडियन एपिलेप्सी सोसायटी और इंडियन एपिलेप्सी एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाली कॉन्फ्रेंस में देश विदेश के नामी एक्सपर्ट्स शामिल होंगे।

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. आरके सुरेका ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में एपिलेप्सी यानी मिर्गी के इलाज और नए शोध पर विचार विमर्श के लिए देश-विदेश से 700 एक्सपर्ट्स भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में चाइना, हांगकांग, आयरलैंड, कनाडा, श्रीलंका, बांग्लादेश व पाकिस्तान समेत अन्य देशों से विशेषज्ञ आ रहे हैं। पहले दिन महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज में ईईजी पर वर्कशॉप आयोजित होगी जिसमें मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आत्माराम बंसल और डॉ. सीबी राठौड़ हैंड्स ऑन ट्रेनिंग देंगे। इसके बाद 21 से 23 जुलाई तक अलग अलग साइंटिफिक सेशन होंगे। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर आरयूएसएच के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी होंगे।

डॉ. सुरेका ने बताया कि दुनिया भर में एपिलेप्सी पर काम करने वाली सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल ब्यूरो ऑफ एपिलेप्सी (आईबीई) और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी (आईएलएई) के अध्यक्ष डॉ. डोना वाल्श और डॉ. हेलन क्रॉस भी इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे। अंतिम दिन एपिलेप्सी सोसाइटी का सिंपोजियम आयोजित होगा जिसमें आईबीई, आईएलएई और डब्ल्यूएचओ द्वारा मिर्गी रोग के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर विचार-विमर्श होगा। इस सिंपोजियम में मिर्गी के मरीज, उनके केयरटेकर और मिर्गी को लेकर काम करने वाले संगठन भी भाग लेंगे।

## एसआई परीक्षा का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 26 जुलाई से

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस उपनिरीक्षक संयुक्त भर्ती परीक्षा- 2021 में सफल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 26 जुलाई से होगा। लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद सफल अभ्यर्थियों की राजस्थान लोक सेवा आयोग से मेरिट सूची प्राप्त होने पर पुलिस मुख्यालय की ओर से विज्ञापित पदों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज 26 जुलाई से 4 अगस्त तक सत्यापन के लिए जमा किए जाएंगे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) सचिन मित्तल ने बताया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का निर्धारित कार्यक्रम राजस्थान पुलिस की वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। इसके लिए अभ्यर्थियों को अलग से पत्र जारी नहीं किया जाएगा। चयन सूची न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अनुसार निकाली जाएगी।

**कानोड़िया कॉलेज** | **पूर्व छात्राओं ने बांटे अनुभव**

# 58 के 'युवा' कॉलेज में स्थापना दिवस पर बिखरी यादें

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय का 59वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को महाविद्यालय के 58 वर्ष के स्वर्णिम इतिहास की एक झलक दिखाई गई। कॉलेज की वर्तमान छात्राओं के साथ ही पूर्व छात्राओं ने भी इस अवसर पर कॉलेज पहुंचकर अपने पुराने दिनों को याद किया। डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में नवागंतुक छात्राओं को पूर्व-छात्राओं से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा



कि पूर्व छात्राएं महाविद्यालय का गौरव हैं। पूर्व छात्रा संगठन की अध्यक्ष साधना गर्ग ने छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने और मेंटल हैल्थ के प्रति सजग रहने को कहा। कार्यक्रम में पूर्व छात्रा डॉ. रीटा माथुर, डॉ. निर्मला सेवानी, डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, प्रो. सुमिता कच्छावा, सुशीला शर्मा, मानवी मेहता, मोनीला खत्री आदि ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादें छात्राओं से साझा की।

साथ ही छात्राओं को उनके शैक्षणिक व प्रोफेशनल जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स दिए। पूर्व छात्रा विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने भी इस अवसर पर बधाई संदेश भेजा। कॉलेज स्टूडेंट मीरा सक्सेना और उनकी टीम ने इस अवसर पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव विमल कुमार भाटिया, उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. रंजुला जैन, डॉ. रंजना अग्रवाल, डॉ. मनीषा माथुर सहित कॉलेज स्टाफ और कॉलेज की वर्तमान व पूर्व छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. मृणाली कांकर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### 65 से 6700 स्टूडेंट्स तक पहुंचा कारवां

कानोड़िया कॉलेज की स्थापना 19 जुलाई, 1965 को स्व. भागीरथ कानोड़िया ने की थी। राज्य की महिलाओं को स्तरीय उच्च शिक्षा मुहैया कराने के लिए स्थापित किए गए कॉलेज के पहले वर्ष में 65 छात्राएं थीं। यह संख्या आज 6700 के पार पहुंच गई है। जयपुर और राजस्थान में विशेष पहचान रखने वाला यह महिला कॉलेज 11 यूजी व 14 पीजी प्रोग्राम्स ऑफर करता है। यहां ह्युमॅनिटीज, कॉमर्स, साइंस, कम्प्यूटर्स, बायो टैक्नोलॉजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, फैशन डिजाइनिंग और मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रेगुलर प्रोग्राम, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स चलाए जाते हैं।

### भ्रष्टाचार को उजागर करते बाढ़ के बाद के दृश्य

# जलप्रलय के साथ करप्शन की बाढ़!



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका



चु प्रकृति ने पिछले दिनों हुई बेतहाशा बारिश पर लगाम लगा तो जरूर दी है, परंतु बाढ़ एवं जल प्रलय की विभीषिका के बाद के भयावह दृश्य और उनके दुष्प्रभाव सामने आने शुरू हो चुके हैं। शासन प्रशासन इन चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करने की कोशिश कर रहा है। कई जगह जहां बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी, वहां सरकारी तंत्रों ने अपने मेहनतकश कर्मचारियों के दिन रात किए गए अथक परिश्रम से विद्युत आपूर्ति को बहाल किया। जहां-जहां जलापूर्ति प्रभावित थी या गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी उसे भी अधिकांश जगहों पर सामान्य किया जा चुका है। और जहां नहीं हो सकी है उसके लिए प्रयास जारी हैं। सरकार द्वारा पेय जल प्रदूषित होने के कारण फैलने वाली बीमारी से बचाव के मद्देनजर कई जगहों पर नागरिकों को दवाइयां वितरित करवाने की कोशिश की जा रही है।

निचले इलाकों में ठहरे हुए पानी से सड़ांध फैली हुई है, इससे बीमारी फैलने की आशंका है। तमाम स्थानों से मवेशियों के मरने व सड़ने की खबरें आ रही हैं। इनसे निपटना भी एक बड़ी चुनौती है। जहां जहां अंडर पास ओवर फ्लो हो गए थे, वे भी अब खाली हो चुके हैं। उनमें जमी गाद भी साफ की जा चुकी है। और जहां अंडर पास में डूबने से कोई मर गया था, वहां सरकार ने चेतावनी के बोर्ड लगवा दिए हैं। रेल लाइनों पर जहां-जहां जलभराव के चलते रेल परिचालन बाधित हुआ था उसे दुरुस्त कर रेल आवागमन लगभग नियमित किया जा चुका है। परंतु बाढ़ और भारी बारिश की इस विभीषिका ने सरकार एवं प्रशासन की एक बार फिर पोल खोल कर भी रख दी है। जहां सड़कों पर जलभराव था, वहां अनेक जगहों पर हुए गड्ढे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सड़क निर्माण में कितनी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी सड़कों पर अनेक जगहों पर बजरी बाहर निकल आई है। इससे निर्माण में बरती गई लापरवाही और भ्रष्टाचार का साफ पता चल रहा है। दर्जनों पुल तथा बांध टूटने के बाद उनके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है, जिस तरह कई निर्माणाधीन या नवनिर्मित पुल व बांध इस भीषण तबाही में ध्वस्त हो गए, उसी तरह देश में कुछ स्थानों से उस नव निर्माणाधीन रेल लाइनों के नीचे से जमीन धंसने व बहने के भी समाचार हैं जोकि देश के चारों कोने को जोड़ने के लिए विशेष समर्पित माल ढुलाई गलियारा के नाम से बनाया जा रहा है।

> “देश में कुछ स्थानों से उस नव निर्माणाधीन रेल लाइनों के नीचे से जमीन धंसने व बहने के भी समाचार हैं, जो कि देश के चारों कोने को जोड़ने के लिए विशेष समर्पित माल ढुलाई गलियारा के नाम से बनाया जा रहा है। अभी इस पर माल गाड़ियां भी नहीं दौड़ीं और नई बिछाई गई रेल लाइनों के नीचे से जमीन भी खिसक गई? इस तरह के दृश्य योजना अभियांत्रिकी तथा निर्माण की गुणवत्ता आदि अनेक पहलू से सवाल खड़ा कर रहे हैं।”

> *लोगों का यह सवाल पूछना गैर मुनासिब नहीं कि क्या वजह है कि अंग्रेजों, यहां तक कि उससे पहले मुगलों के समय के बनाए गए पुल अभी भी सुरक्षित हैं और निर्बाध सेवाएं दे रहे हैं? अंग्रेजों व मुगलों के समय बनाई गई तमाम ऐतिहासिक इमारतों में अभी भी न तो जलभराव होता है ना ही उनमें सीलन आती है। उस दौर के शासक तो 'भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस' जैसा न तो ढोल पीटते थे, ना इस तरह का दवा करते थे, बल्कि केवल ईमानदारी व पूरी दक्षता से अपना काम करते थे, जबकि हमारे देश में जिसे देखो वही अपनी ईमानदारी का ढोल पीटता रहता है। स्वयं को भ्रष्टाचार विरोधी बताता है।*

अभी इस पर माल गाड़ियां भी नहीं दौड़ीं और नई बिछाई गई रेल लाइनों के नीचे से जमीन भी खिसक गई? इस तरह के दृश्य योजना अभियांत्रिकी तथा निर्माण की गुणवत्ता आदि अनेक पहलू से सवाल खड़ा कर रहे हैं। इसी तरह कई जगहों पर नालों की सफाई जो बारिश से पहले ही की जानी चाहिए, वह नहीं हो पाई। इसके चलते शहरी इलाकों में जलभराव हुआ। अनेक बस्तियों में पानी घुस गया। लोगों को भरी क्षति का सामना करना पड़ा और जब बारिश रुकने के बाद जेसीबी से गहरे नालों की सफाई की भी गई तो अनेक नाले क्षतिग्रस्त हो गए। क्योंकि उनमें घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हुआ था। और उनमें जमी घास फूस नियमित रूप से साफ नहीं की जा रही थी। सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का झूठा ढोल जरूर पीटती रहती है, परंतु नालों नालियों व सड़कों गलियों के निर्माण की गुणवत्ता स्वयं इस बात का सुबूत है कि इनमें कितना भ्रष्टाचार किया गया है।

कई जगहों पर तो नालों नालियों में लगने वाली ईंटों को एक दूसरी पर रखकर और बिना सीमेंट से उन्हें जोड़े हुए प्लास्टर कर ढक दिया जाता है, जबकि इस तरह की निर्माण परियोजना में शामिल सरकारी तंत्र व ठेकेदारों का नेटवर्क अपने घरों के निजी निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखता? शहरी इलाकों में जलभराव का मुख्य कारण यह भी है कि प्रायः गलियों व सड़कों के निर्माण के नाम पर इन्हें बार बार ऊंचा कर दिया जाता है। इसके चलते अधिकांश मकानों का स्तर गलियों व सड़कों से नीचे हो जाता है। परिणाम स्वरूप जब ऐसी सड़कों व गलियों में बारिश का पानी भरता है तो वह गलियों सड़कों के भरने से पहले ही लोगों के मकानों या दुकानों में भर जाता है। उधर इन्हीं सड़कों व गलियों के किनारे बनने वाली कमजोर व घटिया सामग्री का इस्तेमाल की गई नालियां टूटने या क्षतिग्रस्त हो जाने से नालियों का पानी जमीन में रिसाव कर लोगों के गली के नीचे स्तर के हो चुके मकानों में जमीन के नीचे से रिसने लगता है और लोगों को घरेलू सामान का काफी नुकसान होता है व भारी परेशानी भी उठानी पड़ती है।

जरा सोचिए कि भीषण महंगाई के इस दौर में इंसान को दो वक्त की रोटी के लिए जूझना पड़ रहा हो और उसका जीवन व अस्तित्व ही दांव पर लगा हो, ऐसे में वह अपने और परिवार के जीने के लिए महंगी से महंगी होती जा रही रोटी का प्रबंध करे। अपने बच्चों को अत्यंत महंगी हो चुकी शिक्षा दिलाए या फिर सरकारी भ्रष्टाचार व गलत योजनाओं के कारण अपने नीचे हो चुके मकानों को तोड़ कर नया मकान बनवाए? जोकि आम तौर से बमुश्किल इंसान अपने जीवन में एक ही बार बना पाता है? ऐसे में लोगों का यह सवाल पूछना गैर मुनासिब नहीं कि क्या वजह है कि अंग्रेजों यहां तक कि उससे पहले मुगलों के समय के बनाए गए पुल अभी भी सुरक्षित हैं और निर्बाध सेवाएं दे रहे हैं? अंग्रेजों व मुगलों के समय बनाई गई तमाम ऐतिहासिक इमारतों में अभी भी न तो जलभराव होता है ना ही उनमें सीलन आती है। उस दौर के शासक तो 'भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस' जैसा न तो ढोल पीटते थे ना इस तरह का दवा करते थे। बल्कि केवल ईमानदारी व पूरी दक्षता से अपना काम करते थे, जबकि हमारे देश में जिसे देखो वही अपनी ईमानदारी का ढोल पीटता रहता है। स्वयं को भ्रष्टाचार विरोधी बताता है। परंतु जब भी बारिश या बाढ़ आती है, उसके बाद के दृश्य सरकारी योजनाओं की कमियों व उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को तत्काल उजागर कर देते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

## अच्छे विचार का अचार



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

कुछ लोग अच्छे और सुलझे विचारों के धनी होते हैं, लेकिन रात-दिन दाल-रोटी की चिंता में घुले जाते हैं। क्योंकि ऐसा नहीं है कि विचारों का सुलझा हुआ होना जीवन की तमाम उलझनों को दूर कर देता हो। आज के जमाने में अच्छे विचारों का अचार नहीं डाला जा सकता। जो अच्छे विचारों का स्वामी होता है वह भला आदमी समझा जाता है। किंतु जमाने में जीने के लिए भला आदमी बनना ही पर्याप्त नहीं होता।

आमतौर पर अच्छा विचार अवसरवादी नहीं बनने देता, लेकिन बिना अवसरवादी बने हम जीवन के सफर का आनंद नहीं ले सकते। सीधी-सच्ची बात तो यह है कि अच्छा विचार चाहे भले आदमी का आभूषण हो, लेकिन गृहस्थ धर्म का निर्वहन करने की दिशा में आमतौर पर बाधक सिद्ध होता है।

मेरे अनेक मित्र ऐसे हैं, जो मेरे विचारों का लोहा मानते हैं और मुझे अच्छे-भले आदमी के रूप में आकलित करते हैं। किंतु इस बात की कोई गारंटी नहीं कि वक्त आने पर वे मेरे लिए भामाशाह सिद्ध हो सकते हो! यह अलग बात है कि अच्छे विचारों के चलते हम अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखते हैं, लेकिन हम जमाने में लेन-देन की दृष्टि से कभी प्रामाणिक नहीं माने जाते। कहा जाता है कि लक्ष्मी जी और सरस्वती जी में बैर होता है।

यही कारण है कि जो बुद्धिजीवी होता है, उसका आर्थिक स्तर कोई बहुत ज्यादा अच्छा नहीं होता। यह अलग बात है कि जिनकी व्यापारिक बुद्धि में दोनों देवियों का समावेश होता है, वे दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की की छलांग लगाया करते हैं। दरअसल ऐसे लोगों के अच्छे विचार व्यावसायिक प्रकृति के हुआ करते हैं। इसके चलते कुछ बाबा लोगों ने अच्छे-अच्छों को बाबा बनाकर रख दिया है। खैर, मुद्दे की बात यह कि अच्छे विचारों का धनी यदि मात्र विचारों की जुगाली ही करता रहे, तो ऐसे में वह अपना और अपने परिवार का पेट कैसे भर सकेगा? वास्तव में जिस प्रकार हाथी के दांत खाने और दिखाने के अलग-अलग हुआ करते हैं, ठीक इसी तर्ज पर कथनी और करनी में बुनियादी अंतर रखना समय की मांग बन जाता है। बिना ऐसा करें, जीवन की गाड़ी को अच्छे-अच्छे खींच नहीं पाए तो आप और हम क्या हैं? तकलीफ तब होती है जब घरवाले भूखे हों और हम दुनिया भर का ज्ञान बघारते रहे।

यकीन मानिए जब ऐसा होता है अच्छे-अच्छे जमीन पर आकर गिर पड़ते हैं। जिस प्रकार बड़े-बड़े नेता प्रकृति की तांडव लीला के दृश्य का जायजा लिया करते हैं, ठीक उसी प्रकार जो आदमी प्रैक्टिकल होता है- वह बुद्धिजीवी की तंगहाली का जायजा लिया करता है। हमारे देश में जायजा लेना भी संवेदनशील मनोवृति को सिद्ध करता है।

पता नहीं जो जायजा लेता है उसे जायका मिलता है या नहीं, लेकिन इसमें दो मत नहीं कि जायजा लेना भी अंततः फायदे का सौदा सिद्ध हुआ करता है। वास्तव में हम अच्छे विचारों को लेकर जीविकोपार्जन कर सकें, व्यावहारिक रूप से ऐसा कोई चमत्कार नहीं होता। इसलिए हमें चाहिए कि हम अपने विचारों की ब्रांडिंग करते हुए 'कहीं पर निगाहें-कहीं पर निशाना' को अंजाम देते रहें।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
आज विपक्ष ने अपनी एक ही पहचान बना ली है- हमें गाली देना और नीचा दिखाना, लेकिन NDA सरकार ने देशहित को हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर रखा है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
**@RahulGandhi**
भारत जुड़ेगा, INDIA जीतेगा।

### यादों की पोटली से...

# अनुभव की पोटली आपके पास है, तो उसका कोई उपयोग क्यूं नहीं?



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

> 60 के बाद वाले हजारों लोग गाना गाते, डांस करते मिल जाएंगे। भाई, जब जिन्दगी नाचने वाली थी तो काम के लिए, धन के लिए नाच रहे थे। अब जब वक्त मिला तो शौक चर्रा गए हैं। शौक चर्राना तो ठीक है बॉस पर एकदम से अपनी उपयोगिता खत्म करना क्यूंकर? आप ने उम्रभर काम किया। अनुभव की पोटली आपके पास है, उसका कोई उपयोग क्यूं नहीं?



हमारे एक डॉक्टर मित्र हैं 70 की उम्र हो गई होगी। अभी भी जम के काम करते हैं। प्रेक्टिस भी मनमाफिक और समाज सेवा भी मन के मुताबिक। कहने लगे भाई हम लोग नाहक ही सोचते हैं कि 60 के हो गए, अब तो रिटायर हो गए। काम में व्यस्त रहिए, मगर अपने मन मुताबिक काम ढूंढिए। मैंने तो पेड़ लगाने शुरू कर दिए, वो भी फलदार। लोग घर आ जाते हैं पेड़ मांगने। पूरे चूरू शहर में 3000 से ज्यादा पेड़ लगा दिए हैं। एक स्कूल में 300 पेड़ लग गए। गांव के सब लोग सहयोग कर रहे हैं।

उनके चेहरे पर एक अनूठा दर्प था। प्रकृति को कुछ दे पाने का सहयोग। समाज से जो लिया वो लौटा पाने की खुशी। एक और सज्जन हैं पेशे से आईएएस थे। जिंदगी भर लिया ही लिया और अब भी लेने की जुगाड़ में रहते हैं। ये नहीं तो ये सही, बस सरकारी गाड़ी नहीं छूटनी चाहिए। चाहे कितनी ही चिरोरी करनी पड़ जाए। पैसा इतना है कि कई पीढियां खा लें तो न खूटे, पर भूख है की मरती ही नहीं। दो अलग-अलग पृष्ठ हैं जीवन के। एक सिर्फ अपने पेट और परिवार की सोच रहे हैं, तो एक जग की। यदि अपने आस पास नजर दौड़ाएंगे तो 60 पार लोगों की एक भीड़ पाएंगे, जो जिंदगी के इस आखिरी पड़ाव को जी रहे हैं। कुछ काट रहे हैं, कुछ भोग रहे हैं तो कुछ खाट तोड़ रहे हैं। यानि निरर्थक जी रहे हैं। अगर आप उनसे बात करोगे तो साफ महसूस होगा कि अनुभव का सागर सूख कर झील सा रह गया है।

भाई कर लिया 60 साल तक जो करना था। अब बूढ़े हो गए हैं, हमें कौन पूछता है? चलिए सोशल मीडिया की सैर करते हैं। 60 के बाद वाले हजारों लोग गाना गाते, डांस करते मिल जाएंगे। भाई, जब जिंदगी नाचने वाली थी तो काम के लिए, धन के लिए नाच रहे थे। अब जब वक्त मिला तो शौक चर्रा गए हैं। शौक चर्राना तो ठीक है बॉस पर एकदम से अपनी उपयोगिता खत्म करना क्यूंकर? आप ने उम्रभर काम किया। अनुभव की पोटली आपके पास है, उसका कोई उपयोग क्यूं नहीं? अमेरिका तो देखा ही है आपने। शहर में कहीं भी निकल जाइए। 70 के पार के लोग काम करते नजर आएंगे।

खुद राष्ट्रपति 70 पार हैं। वहां जीने की लालसा है, उम्र कोई बंधन नहीं है। अगर आप अपने आस पास का संसार देखेंगे तो साफ नजर आएगा कि पकी उम्र के लोग थक से गए हैं। ऊर्जा का अभाव है। रिटायर्ड हो जाना एक ऐसी नियति है जिसे उन्होंने तन से स्वीकारा है और मन से वरण कर लिया है।

कोई अब नाचना चाहता है कोई गाना। पर कितने हैं जो समाज के हिस्से बने हुआ है या समाज में सक्रिय हैं, उंगलियों पर गिन लीजिए। ये बूढ़ा संसार खुद बखुद अपने आप पर बोझ बनता जा रहा है। यार 60 के बाद कोई काम करता है क्या? कर लिया जो करना था। भाई काम मतलब सरकारी या प्राइवेट काम ही है क्या। समाज सेवा या जन सेवा भी तो काम है। कितनी विडंबना है कि एक डॉक्टर जितना वरिष्ठ होता है उतना ही वो परामर्श के लिए उपयोगी है। 65 साल का वकील 50 लाख फीस लेकर केस लड़ता है पर एक रिटायर्ड न्यायाधीश जन सेवा के रूप में परामर्श देने में संकोच ग्रस्त है।

प्रधानमंत्री के सलाहकार सेवानिवृत्त लोग हैं पर घर का सलाह केंद्र बुजुर्गों के लिए बंद है। आपने जीवन जी लिया अब भजन करिए। सुनते हैं 2050 में भारत विश्व की तीसरी युवा शक्ति वाला देश बन जाएगा। तब तक एक और पहाड़ जैसा वर्ग होगा जो बूढ़ा कहलाएगा। अब इस बड़ी उम्र के लोगों ने प्रगति और समाज की बागडोर संभाले रखी तब तो ठीक है और अगर अनुपजाऊ समझ कर आपने खुद को बोझ बना लिया तो स्थिति विकट होगी। हमारे आकाशवाणी के एक रिटायर्ड डायरेक्टर हैं डॉ. श्रीधर। 70 पार की उम्र में अभी भी विदेशी प्रसारण केंद्रों को सलाह दे रहे हैं।

यहां-वहां घूम रहे हैं। वहीं एक विज्ञापन जगत के भीष्म माने जाने वाले निदेशक मौन व्रत लेकर बैठे हैं। हमने एक रूपक बनाया था हरे घाव। मुझे लगता है आज के वृद्धों की सबसे बड़ी समस्या है वक्त काटना और अहमियत खत्म हो जाना। आज भी जब अमिताभ बच्चन वीक में 6 दिन काम करके एक दिन विश्राम करते हैं। आज भी सुनील गावस्कर ने कभी भी मैदान नहीं छोड़ा, तो भाई आपके हुनर को किसने कुंद किया। खुद आपकी मानसिकता ने। हमारे एक मित्र हैं जनसंपर्क अधिकारी, लेकिन व्यंग्य की 5 किताबें छाप चुके हैं। भाई जो मन में आए वो करिए, लेकिन करिए शिद्दत के साथ। देखिए पूरी कायनात आपको सहयोग देगी। घर के एक कोने में आपने को बंद करके उम्र को ढोना भी कोई जिंदगी है। आइए उठिए। नई सुबह का स्वागत कीजिए।

## द्विपक्षीय मोर्चाबंदी के बीच तटस्थ दलों का जलवा भी है कायम

# राजग और इंडिया से अलग हैं 91 सांसदों वाले 11 राजनीतिक दल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के 65 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) और 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) दोनों में से किसी एक मोर्चे का साथ चुन लिया है, लेकिन 11 महत्वपूर्ण दल ऐसे भी हैं जो अब तक किसी पाले में नहीं हैं। इन 11 दलों के कुल 91 सांसद हैं और अपने-अपने असर वाले राज्यों में उनकी प्रभावी उपस्थिति भी है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से लोकसभा में कुल 63 सदस्य चुनकर पहुंचते हैं। इन तीनों राज्यों की सत्तारूढ़ पार्टियां क्रमशः वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति और बीजू जनता दल दोनों गठबंधनों से दूर हैं। कांग्रेस और 25 विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' तय किया। दूसरी तरफ, मंगलवार को ही भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक हुई जिसमें 39 दल शामिल हुए। लेकिन इस मोर्च बंदी के बीच तटस्थ दलों का जलवा भी कायम है। वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस और बीजद के अलावा बहुजन समाज पार्टी भी एक ऐसी महत्वपूर्ण पार्टी है जिसने तटस्थ रुख अपनाया है। बसपा का उत्तर प्रदेश में मुख्य आधार है और कई अन्य राज्यों में भी उसकी मौजूदगी है। वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और लोकसभा में उसके 9 सदस्य हैं। आंध्र में जगन मोहन रेड्डी, तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव व ओडिशा में नवीन पटनायक के हाथों में सत्ता है।







### तीन सत्ताधारी पार्टियां हैं गठबंधनों से दूर

| पार्टी | प्रभाव क्षेत्र |
|---|---|
| वाईएसआर कांग्रेस पार्टी | आंध्र प्रदेश |
| भारत राष्ट्र समिति | तेलंगाना |
| बीजू जनता दल | ओडिशा |

(इन राज्यों में 63 लोकसभा सीट हैं।)

- बसपा भी है गठबंधन से दूर
- लोकसभा में हैं 9 सदस्य

### ये दल भी नहीं है किसी गठबंधन का हिस्सा

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा), शिरोमणि अकाली दल (शिअद), ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ), जनता दल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और शिरोमणि अकाली दल (मान) भी अभी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं।

### वाईएसआर कांग्रेस व बीजद: कई मौकों पर दिया सरकार का साथ

वाईएसआर कांग्रेस और बीजद ने ज्यादातर मौकों पर संसद में सत्तापक्ष के समर्थन में मतदान किया है। बीजद प्रमुख और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में केंद्रीय योजनाओं को पर्याप्त समर्थन न देने के लिए भाजपा की आलोचना की है और पार्टी के सांसदों से, गुरुवार को शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में यह मुद्दा जोरशोर से उठाने के लिए कहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि उनकी पार्टी के साथ 'राजनीतिक अछूत' की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी पार्टी का असर हैदराबाद में है और वह देश के कुछ अन्य हिस्सों में अपने विस्तार का प्रयास कर रही है।

### बिहार में जंगलराज को दर्शाता है लाठीचार्ज: नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि पिछले दिनों पटना में पार्टी नेताओं के एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कथित तौर पर किए गए अत्यधिक बल का इस्तेमाल बिहार में व्याप्त 'जंगलराज, अराजकता और विपक्षी दलों के प्रति राज्य सरकार की क्रूरता' को दर्शाता है। नड्डा ने इस घटना की जांच के लिए विगत शुक्रवार को सांसदों की चार सदस्यीय 'उच्च स्तरीय जांच समिति' गठित की थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास को इसका संयोजक जबकि विष्णु दयाल राम, मनोज तिवारी और सुनीता दुग्गल को इसका सदस्य बनाया गया था। समिति ने बुधवार को यहां नड्डा से मुलाकात की और घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, 'यह (रिपोर्ट) बिहार में व्याप्त जंगलराज, अराजकता और विपक्षी दलों के प्रति राज्य सरकार की क्रूरता एवं असंवेदनशीलता को दर्शाती है। नीतीश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।''

## संसद सत्र आज से: सर्वदलीय बैठक में सुचारू संचालन पर विचार

# विपक्ष की मणिपुर पर चर्चा की मांग, सरकार ने जताई सहमति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद के 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले मानसून सत्र से पहले बुधवार को विपक्षी दलों ने मणिपुर की स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग करते हुए ओडिशा रेल हादसे, भारत-चीन सीमा स्थिति, महंगाई, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने एवं महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने कहा।

मानसून सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मणिपुर की स्थिति के बारे में चर्चा कराने की विभिन्न दलों की मांग पर सरकार को कोई आपत्ति नहीं है तथा आसन की अनुमति एवं संबंधित नियमों के तहत सदन में इस विषय पर चर्चा कराई जा सकती है। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने कहा कि अगर सरकार सदन चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए। मानसून सत्र में सुचारू कामकाज के लिए चर्चा करने को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भाग लिया।



### बैठक में ये रहे मौजूद

संसदीय ग्रंथालय भवन में हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, अधीर रंजन चौधरी आदि शामिल हुए। बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल, तेलुगु देशम पार्टी के जयदेव गल्ला, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, अन्नाद्रमुक के एम थम्बीदुरई, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, आईयूएमएल के ई टी मोहम्मद बशीर आदि ने भी भाग लिया।

### कार्य स्थगन प्रस्ताव लाना चाहते हैं: चौधरी

बैठक में हिस्सा लेने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, बैठक में हमने संसद के मानसून सत्र के दौरान मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा हो। चौधरी ने कहा, दो महीने गुजर गए लेकिन प्रधानमंत्री चुप हैं। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि उन्हें संसद में बयान देना चाहिए और चर्चा करानी चाहिए। हम गुरुवार को कार्यस्थगन प्रस्ताव लाना चाहते हैं क्योंकि मणिपुर की स्थिति खराब हो रही है। चौधरी ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को हमारे दिल की बात सुननी चाहिए और विपक्ष को बोलने का मौका देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने चीन से लगने वाली सीमा पर स्थिति, महंगाई, ओडिशा रेल हादसे, बेरोजगारी, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर भी चर्चा कराने की मांग की है। मैंने मांग की है कि भारत-चीन सीमा मुद्दे और कारोबार असंतुलन पर भी चर्चा कराई जानी चाहिए। ताली एक हाथ से नहीं बजती। अगर सरकार सदन में कामकाज चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को मुद्दे उठाने और अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए।

### महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की मांग

बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की जिसे कई दलों का समर्थन मिला जिनमें वाईएसआर कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति और वाम दल शामिल हैं।

### कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में भी हुई चर्चा

सूत्रों ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में कहा कि सरकार मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में चर्चा को तैयार है।

### 'इंडिया' के नेताओं की आज बैठक

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के नए गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' के नेता संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति तय करने के लिए बृहस्पतिवार को पहली बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में 20 जुलाई की सुबह विपक्षी गठबंधन की बैठक होगी।

## अशोभनीय आचरण का आरोप

# कर्नाटक: BJP के 10 MLA शेष सत्र के लिए निलंबित



*बेंगलुरु। दस भाजपा विधायकों के निलंबन के खिलाफ धरना देते पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई, एचडी कुमारस्वामी व भाजपा के विधायक।*

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू टी कादर ने बुधवार को सदन में अशोभनीय और अपमानजनक आचरण के लिए भाजपा के 10 विधायकों को विधानसभा के शेष सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, विपक्षी दल भाजपा और जद(एस) ने कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यू टी कादर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस विधानसभा सचिव को दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के जिन 10 विधायकों को निलंबित किया है वे हैं-डॉ. सी एन अश्वथ नारायण, वी सुनील कुमार, आर अशोक, अरागा ज्ञानेंद्र (सभी पूर्व मंत्री), डी वेदव्यास कामथ, यशपाल सुवर्ण, धीरज मुनिराज, ए उमानाथ कोटियन, अरविंद बेलाड और वाई भरत शेट्टी।

### अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया

कर्नाटक में विपक्षी दल भाजपा और जद-एस के विधायकों ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर के खिलाफ विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और एच डी कुमारस्वामी सहित भाजपा और जद (एस) विधायकों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से यह कदम ऐसे वक्त उठाया है जब विधानसभा में काफी हंगामेदार दृश्य देखने को मिल रहा है।

### भर्ती घोटाला: पार्थ चटर्जी के खिलाफ मुकदमे की मंजूरी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने स्कूल की नौकरियों के लिए भर्ती में अनियमितताओं को लेकर राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि बोस ने मंगलवार को इस संबंध में अपनी मंजूरी दी। नियमों के मुताबिक, राज्य के किसी मंत्री के खिलाफ कोई भी जांच शुरू करने के लिए राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति की आवश्यकता होती है।

## राजग व इंडिया को बताया दलित विरोधी

# BSP राजस्थान में अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली



बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

मायावती ने यहां एक बयान में कहा कि बसपा पंजाब और हरियाणा में क्षेत्रीय दलों के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार है, बशर्ते उनका सत्तारूढ़ राजग या नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ कोई गठजोड़ न हो। मायावती ने राजग के साथ ही नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि उनमें से कोई भी दलितों और उत्पीड़ित वर्गों के अनुकूल नहीं है। मायावती ने कहा कि जहां भाजपा के नेतृत्व वाला राजग और कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन खुद को मजबूत कर रहा है, वहीं बसपा भी देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं की बंद कमरे में बैठकें कर रही है।

### उद्धव ठाकरे ने की अजित से मुलाकात



*मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को अपने पूर्व सहयोगी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से उनके कार्यालय मुलाकात की। इस मौके पर अजित पवार, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे व अन्य नेताओं के साथ।* -पीटीआई

## महाराष्ट्र विधानसभा

# 'वंदे मातरम' को लेकर टिप्पणी पर हुआ हंगामा

**एजेंसी** | मुंबई

समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी की 'वंदे मातरम' के बारे में एक टिप्पणी को लेकर भाजपा के विधायकों के शोर-शराबे के बाद बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। संभाजीनगर जिले में हुए दंगे का मुद्दा उठाते हुए आजमी ने कहा कि 'वंदे मातरम' का नारा लगाना उन्हें अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, "कुछ लोग कहते हैं कि अगर भारत में रहना है तो वंदे मातरम बोलना ही होगा। हम ऐसा नहीं कर सकते। हम केवल एक ईश्वर में विश्वास करते हैं।

### भाजपा ने साधा 'इंडिया' पर निशाना

भाजपा ने सपा विधायक की 'वंदे मातरम' को लेकर की गई टिप्पणी पर बुधवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या यही 'इंडिया' को लेकर उनकी अवधारणा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नई दिल्ली एक ट्वीट में 26 विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा, क्या यही 'इंडिया' को लेकर उनकी अवधारणा है? या यह भारत विरोधी है? सपा इस कथित आई.एन.डी.आई.ए का हिस्सा है।

## कांग्रेस ने नीतीश की नाराजगी की खबरों को किया खारिज, कहा...

# 'टीम इंडिया' एकजुट, दरार डालने का भाजपा का प्रयास नहीं होगा सफल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) में दरार डालने की भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, वह सफल नहीं होगी।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि 'टीम इंडिया' एकजुट है। नीतीश कुमार के नाराज होने संबंधी खबर के बारे में पूछे जाने पर सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा नीतीश के बारे में कैसी गंदी भाषा का इस्तेमाल करती है वो मैं बोलना भी नहीं चाहूंगा। अब वही ऐसी अनर्गल बातें कर रहे हैं। हम सब एकजुट हैं। भाजपा और 'मोदी जी' टीम इंडिया में दरार डालने की कितनी भी कोशिश कर लें, वो नहीं पड़ रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, भाजपा की छटपटाहट समझ में आती है। उन्हें षड़यंत्रकारी एजेंडा जारी रखने के लिए शुभकमानाएं।

### एनडीए नौ साल कहां गुम था

सुरजेवाला ने राजग की बैठक को लेकर सवाल किया कि 'एनडीए नौ साल कहां गुम था? उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसद में की गई एक टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, पहले तो 'एक अकेला सब पर भारी' की बात करते थे, फिर हड़बड़ाहट में राजग की बैठक में क्यों बुलाई गई? 38 दलों में सिर्फ 12 दलों के सांसद हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा द्वारा 'इंडिया' नाम पर सवाल खड़े किए जाने को लेकर सुरजेवाला ने कहा, टीम इंडिया का स्लोगन क्या है, जीतेगा भारत। जो लोग भारत को टुकड़ों में बांटना चाहते हैं उनके मन की दुर्भावना की बदबू उनके शब्दों से आती है।



### नाराजगी नहीं, मिलजुल कर आगे बढ़ेंगे

**राजगीर (बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक को लेकर अपनी नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि बहुत अच्छी बैठक हुई है, सभी मिलजुल कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। मधुमास मेले को लेकर नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में नीतीश ने बेंगलुरु में हुई विपक्ष की बैठक पर कहा, बहुत अच्छी बैठक हुई है। पटना में 15 पार्टियां शामिल हुई थीं, वहां 26 पार्टियां शामिल हुईं। काफी अच्छी बातचीत हुई। विपक्ष की बैठक से नाराज होकर बेंगलुरु से लौटने के भाजपा के दावे को फालतू बात करार देते हुए नीतीश ने कहा कि राजगीर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें तत्काल आना था, इसलिए वह लौट आए, कोई अन्य बात नहीं है।



### देश से प्यार करने वाले दल आए एक साथ

**मुंबई।** विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाए जाने के एक दिन बाद शिव सेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि देश और मातृभूमि से प्यार करने वाले दल एक साथ आ गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 'तानाशाही' के खिलाफ यह एक मजबूत मोर्चा है। विधान भवन परिसर में संवाददातों से बातचीत में ठाकरे ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि 'तानाशाही' के खिलाफ है। ठाकरे ने कहा, नेता, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आते-जाते रहते हैं, लेकिन जो मिसाल कायम की जा रही है वह देश के लिए हानिकारक है। इसलिए देश और मातृभूमि से प्यार करने वाले दल एक साथ आ गए हैं और अब तानाशाही के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा है।



## जरूरी खबर

### गोधरा मामला: तीस्ता सीतलवाड़ को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर सबूत गढ़ने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड को बुधवार को नियमित जमानत दे दी। न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायाधीश ए एस बोपन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नियमित जमानत के लिए सीतलवाड़ की याचिका खारिज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीतलवाड़ के खिलाफ आरोपपत्र दायर कर दिया गया है। उनसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है।


### घरेलू सहायिका की पिटाई: पायलट को ड्यूटी से हटाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में एक नाबालिग घरेलू सहायिका के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने के मामले को लेकर सोशल मीडिया पर मचे हंगामे के बीच एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि उसने एक पायलट को ड्यूटी से हटा दिया है और मामले की जांच की जा रही है। द्वारका में एक महिला पायलट और उसके पति ने बुधवार को 10 वर्षीय एक घरेलू सहायिका को कथित रूप से पीट दिया जिसकी भनक लगने पर आक्रोशित भीड़ ने दंपती की पिटाई कर दी।

### चार हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए


**नई दिल्ली।** चार न्यायाधीशों बुधवार को उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ट्वीट किया कि कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आलोक अराधे को तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है। इसी तरह, उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शुभाशीष तलपात्रा को निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश के पद छोड़ने के बाद आठ सितंबर से उसी उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल को गुजरात उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आशीष जे.देसाई को केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है।

### अमरनाथ यात्रा: आप दर्शन करो, हम करें विश्राम... श्रद्धालुओं के साथ गुफा पहुंचे खच्चर व पॉर्टर




*अमरनाथ। इन दिनों अमरनाथ यात्रा अपने भव्य रूप में जारी है और उसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं जिनकी यात्रा संपन्न कराने में खच्चर, पॉर्टर व पालकी ढोने वाले अहम भूमिका निभाते हैं। श्रद्धालुओं को अमरनाथ पहुंचाने के बाद पवित्र गुफा के निकट विश्राम करते खच्चर व अन्य लोग।* -पीटीआई

### जैन मुनि की हत्या की सीआईडी करेगी जांच




**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बेलगावी जिले में जैन मुनि आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या की जांच पुलिस के अपराध जांच विभाग से कराने की घोषणा की है। विपक्षी भाजपा और जैन समुदाय के एक वर्ग ने इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग की थी। सिद्धरमैया ने बुधवार को विधानसभा में एक बयान में कहा, चूंकि, यह मामला संवेदनशील है इसलिए जनता के अनुरोध के बाद इस मामले की जांच सीआईडी को सौंपी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस घटना और अब तक की जांच का विवरण भी साझा किया। नंदी पर्वत आश्रम के जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज बेलगावी के चिक्कोडी तालुक के हिरेकोडी में एक मठ के प्रमुख थे। उनकी कथित तौर पर हत्या करने के बाद शव को रायबाग तालुक के खटकभावी गांव में एक बोरवेल के गड्ढे में फेंक दिया गया था।

**कार्रवाई: अदालत ने पुलिस हिरासत में भेजा**

# राजस्थान में वांछित दो इनामी आतंककारी पुणे से गिरफ्तार

**एजेंसी | पुणे**

पुणे पुलिस ने आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में कथित संलिप्तता के कारण संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ऋतेश कुमार ने बताया कि दोनों व्यक्ति राजस्थान में आतंकवाद से संबंधित एक मामले में एनआईए द्वारा वांछित थे और पिछले 16 महीने से शहर के कोंढवा इलाके में रह रहे थे।

एक स्थानीय अदालत ने उन्हें 25 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों की पहचान मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान (23) और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी (24) के रूप में हुई है और वे मध्य प्रदेश के रतलाम के रहने वाले हैं तथा ग्राफिक डिजाइनर हैं। इन आरोपियों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, मंगलवार तड़के पुणे शहर के कोथरूड इलाके में पुलिस के गश्ती दल ने तीन संदिग्धों को एक मोटरसाइकिल चोरी करते पकड़ा, लेकिन जांच के दौरान उनमें से एक संदिग्ध फरार हो गया। उन्होंने बताया,तलाशी के दौरान उनके घर से एक कारतूस, दो पिस्तौल, चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप जब्त किया गया।





पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या संदिग्धों के पास कोई आग्नेयास्त्र था। यह पूछे जाने पर कि क्या वे पुणे में किसी आतंकवादी कृत्य की साजिश रच रहे थे, उन्होंने कहा कि यह जांच के दौरान स्पष्ट हो जाएगा।

फरार हुए तीसरे संदिग्ध के बारे में उन्होंने कहा कि कई दल उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने आठ दिन के लिए उन्हें हिरासत में दिये जाने का अनुरोध करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) की अदालत को बताया कि दोनों एनआईए द्वारा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में वांछित हैं।

### बेंगलुरु से पांच संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार व विस्फोटक बरामद

बेंगलुरु। आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए कट्टरपंथी बनाए गए पांच संदिग्धों को हथियार और गोलाबारूद के साथ बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय अपराध शाखा ने उनके कब्जे से सात पिस्तौल, 45 कारतूस, बड़ी संख्या में वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जब्त किए हैं। गिरफ्तार संदिग्धों के खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया। संदिग्धों की पहचान सैयद सोहेल खान, मोहम्मद उमर, जाहिद तबरेज, सैयद मुदासिर पाशा और मोहम्मद फैसल के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पांचों संदिग्धों को एक बड़ी साजिश रचते समय शहर के सुल्तानपाल्या इलाके के कनकनगर में एक पूजा स्थल के पास गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पांचों संदिग्धों को लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी और सरगना टी. नजीर ने यहां के केंद्रीय कारागार में कट्टरपंथी बनाया था। इस मामले में नजीर आरोपी संख्या एक है जबकि उसके साथी जुनैद को दूसरा आरोपी बनाया गया है।

#### नापाक मंसूबों को किया नाकाम

बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बुधवार को बताया, केंद्रीय अपराध शाखा ने असामाजिक ताकतों का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है और उनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। हेब्बल थाना क्षेत्र में एक स्थान पर छापेमारी कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**अवैध खनिजों के परिवहन का मामला**

## राजस्थान हाई कोर्ट का आदेश रद्द, जमा करानी होगी आवश्यक राशि

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को राहत देते हुए उच्च न्यायालय के कई आदेशों को रद्द कर दिया है, जिसमें अवैध रूप से खनन किए गए खनिजों और स्टोन चिप्स की ढुलाई के लिए जब्त किए गए वाहनों को छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, हमने उच्च न्यायालय के आदेशों को रद्द कर दिया है और प्रावधान किया है कि शिकायत नियम (2017) के तहत होने की स्थिति में वाहन तब छोड़े जाएंगे, जब वाहन मालिक आवश्यक राशि जमा कर देंगे। न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंघवी की दलीलों पर गौर किया कि जब्त किए गए वाहनों को राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा सामान्य मामलों की तरह छोड़ने का आदेश दिया गया था, जैसा सीआरपीसी के तहत मामलों में किया जाता है।



#### यह कहा था राज. हाई कोर्ट ने

राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रत्येक वाहन को एक-एक लाख रुपए सुरक्षा राशि जमा करने पर छोड़ने का निर्देश दिया था और वाहन मालिकों के पालन के लिए कुछ अन्य शर्तें भी लगाई थीं।

#### राज्य सरकार ने कहा

राज्य सरकार ने आदेशों को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में अपील दायर की और दावा किया कि हाई कोर्ट ने वाहनों को छोड़ने का निर्देश देने में त्रुटि की है, जो न केवल वैधानिक प्रावधानों के विपरीत है, बल्कि आरएमएमसी नियमावली, 2017 के नियम 54 और 60 के तहत जब्त किए गए वाहनों को छोड़ने के संबंध में एनजीटी के निर्देशों के अनुरूप भी नहीं है।

**सियाचिन की घटना**

## आग लगने से कैप्टन की मौत, तीन अन्य झुलसे

**एजेंसी | सियाचिन**

सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार बड़े तड़के करीब तीन बजे एक बंकर में आग लगने की एक घटना में सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई, जबकि तीन सैनिक घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि घायल सैनिकों को सुकशल निकालकर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में सेना के रेजीमेंटल मेडिकल अधिकारी कैप्टन अंशुमान सिंह की गंभीर रूप से झुलसने के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि तीन अन्य सैन्यकर्मियों को धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी हुई और वो झुलस गए।

### आम आदमी की तरह होगा चांडी का अंतिम संस्कार

*तिरुवनंतपुरम। केरल के पूर्व सीएम ओमन चांडी की पार्थिव देह को बुधवार को तिरुवनंतपुरम से कोट्टायम लेजाया गया। चांडी ने अपने निधन से पहले आम आदमी की तरह अंतिम संस्कार की इच्छा जताई थी। इसलिए उन्हें गुरुवार को राजकीय सम्मान के बिना ही दफनाया जाएगा।*



**जनरल कोच के यात्रियों के लिए पहल**

## 20 व 50 रुपए में रेलवे उपलब्ध कराएगा भोजन

**नई दिल्ली।** रेलवे ने साधारण डिब्बे (जनरल कोच) के यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया किफायती भोजन और बोतलबंद पानी उपलब्ध कराने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, भोजन को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी में 20 रुपए की कीमत पर सूखे 'आलू' और अचार के साथ सात 'पूरी' शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में भोजन की कीमत 50 रुपए होगी और यात्रियों को चावल, राजमा, छोले, खिचड़ी कुलचे, भटूरे, पाव-भाजी और मसाला डोसा जैसे दक्षिण भारतीय भोजन की पेशकश की जाएगी।

**विश्व बैंक अध्यक्ष बंगा ने भारत के प्रयासों को सराहा**

# सुस्ती के दौर में आगे निकला भारत, कायम रखे रफ्तार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कहा कि भारत वैश्विक सुस्ती के दौर में कई ऐसे कदम उठा रहा है जो उसे आगे रखने में मदद कर रहे हैं।

विश्व बैंक के शीर्ष पद पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बंगा ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि भारत कोविड महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है, लेकिन उसे यह रफ्तार आगे भी कायम रखने की जरूरत है।

बंगा ने कहा, भारत वैश्विक स्तर पर कायम सुस्ती के बीच काफी कुछ ऐसा कर रहा है जो उसे आगे रखने में मदद कर रहे हैं।



*नई दिल्ली। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा नई दिल्ली में बुधवार को एक संस्थान में छात्रों से बातचीत करते हुए।*

भारत के पक्ष में एक खास बात यह है कि इसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़ा हिस्सा घरेलू स्तर का है।

#### घरेलू खपत की वजह से सुरक्षित है भारत

बंगा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर सुस्ती होने के बावजूद अपने घरेलू खपत की वजह से सुरक्षित है। उच्च आय वाली नौकरियों में संभावित वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर बंगा ने कहा, हमें यह समझना होगा कि ये नौकरियां कहां पर हैं। ये नौकरियां प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हैं और बहुत कम संख्या में हैं। फिर विनिर्माण क्षेत्र में ऐसी नौकरियां हैं।

#### चीन प्लस वन नीति का फायदा उठाए भारत

भारत के सामने फिलहाल यह मौका है कि वह 'चीन प्लस वन' रणनीति का फायदा उठाए। चीन प्लस वन रणनीति का मतलब है कि दुनिया के विकसित देशों की कंपनियां अब अपने विनिर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती हैं। इसके लिए भारत भी एक संभावित दावेदार के तौर पर उभरकर सामने आया है। बंगा ने कहा, भारत को यह भी ध्यान रखना होगा कि चीन प्लस वन रणनीति से मिलने वाला अवसर उसके लिए 10 वर्षों तक नहीं खुला रहेगा। यह तीन से लेकर पांच साल तक उपलब्ध रहने वाला अवसर है।

#### भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत पर कायम रखा है। एडीबी ने एशियन विकास परिदृश्य पर बुधवार को जारी जुलाई के अपने ताजा आकलन में कहा है कि ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता मांग में सुधार की वजह से उसने वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

**वैवाहिक बलात्कार मामला**

## SC की 3 न्यायाधीशों की पीठ करेगी सुनवाई

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि संवैधानिक पीठ द्वारा कुछ सूचीबद्ध याचिकाओं पर सुनवाई किए जाने के बाद तीन न्यायाधीशों की पीठ वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। जब वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने सुनवाई के लिए मामले का जिक्र किया तो प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा एवं न्यायाधीश मनोज सिन्हा की पीठ ने कहा, हमें वैवाहिक बलात्कार संबंधी मामलों को निपटाना होगा। वरिष्ठ वकील ने कहा ,यह मामला बाल यौन उत्पीड़न मामले से जुड़ा है। प्रधान न्यायाशीध ने कहा कि इन मामलों की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ करेगी। शीर्ष अदालत ने 22 मार्च को वैवाहिक बलात्कार संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए नौ मई की तारीख तय की थी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को वैवाहिक बलात्कार को अपराध के दायरे में लाने का अनुरोध करने वाली और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के उस प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जो पति को बालिग पत्नी के साथ जबरन यौन संबंध बनाने की सूरत में अभियोग से सुरक्षा प्रदान करता है।

## मोस्ट अवेटेड फिल्म का फर्स्टलुक आउट, ट्रोलर्स के निशाने पर आए बाहुबली प्रभास

# WHAT IS PROJECT K, ट्रोलर्स ने बता दिया... सस्ता आयरन मैन

बाहुबली स्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड और हाई हाइप्ड फिल्म 'प्रोजेक्ट के' का फर्स्ट लुक बुधवार को जारी कर दिया गया। फैंस ने लुक को दमदार बताया, वहीं ट्रेलर्स ने प्रभास को निशाने पर ले लिया। ट्रोलर्स इसे सस्ता आयरन मैन बता रहे हैं। पोस्टर पर मेकर्स ने लिखा है-what is project K? ऐसा लग रहा है जैसे ट्रोलर्स इसका जवाब दे रहे हैं। गौरतलब है कि 'प्रोजेक्ट के' का ग्रैंड लॉन्च इवेंट अमेरिका के कॉमिक कॉन में 20 जुलाई को होने वाला है। वहां सुपरस्टार प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण की साई-फाई मूवी का टाइटल और ट्रेलर लॉन्च होगा। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म के फैंस को एक बड़ा तोहफा देते हुए बुधवार को सुपरस्टार प्रभास का फर्स्ट लुक जारी कर दिया। प्रभास का फर्स्ट लुक दोपहर 1:23 बजे करने की कही थी, लेकिन इसमें थोड़ी देर हुई और यह पूरे दो घंटे की देरी के बाद 3:30 मिनट पर रिलीज किया गया। लुक बाहर आते ही प्रभास ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए।



### अमेरिका के कॉमिक कॉन में जारी होगा फिल्म का टाइटल और ट्रेलर

फिल्म का टाइटल और ट्रेलर 20 जुलाई को अमेरिका के कॉमिक कॉन में जारी होने वाला है। इसके लिए सुपरस्टार प्रभास फिल्म की टीम और अपने दोस्त राणा दग्गुबाती के साथ अमेरिका पहुंच चुके हैं। मूवी के ग्रैंड इवेंट से पहले निर्माताओं ने दोनों सितारों की एक झलक जारी कर इसकी जानकारी दी थी। बता दें कि बाहुबली स्टार प्रभास की इस फिल्म में हीरोइन दीपिका पादुकोण हैं, जो पठान के बाद से जबरदस्त लाइमलाइट में हैं। बिग बी अमिताभ बच्चन इस मूवी में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

### 600 करोड़ रुपए में बनी है मूवी

सुपरस्टार प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर 'मूवी प्रोजेक्ट के' एक साई-फाई मूवी है। इसे बनाने में निर्माताओं ने पानी की तरह पैसा बहाया है। ये मूवी कथित तौर पर करीब 600 करोड़ रुपए की लागत के साथ बनी है। इस पैन इंडिया रिलीज मूवी को मेकर्स हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में जारी करने वाले हैं। यही नहीं, इसके साथ ही मूवी को अंग्रेजी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। यह मूवी पैन वर्ल्ड लेवल पर रिलीज हो रही है।

### दो दिन पहले दीपिका का लुक रिलीज

इससे पहले मेकर्स ने 17 जुलाई को फिल्म की लीड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक शेयर किया था। इसमें वे बेहद खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में उन्हें रस्टिक अवतार में पेश किया गया। उनकी आंखें काफी इंटेंस लग रही थीं। फिल्म में दीपिका दमदार एक्शन करती नजर आएंगी।

### विलेन बने हैं कमल हासन

फिल्म में कमल हासन विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं। इसके जरिए अमिताभ बच्चन और कमल हासन 38 साल बाद साथ काम करेंगे। दिशा पाटनी भी अहम किरदार में दिखेंगी। फिल्म का म्यूजिक और ओरिजिनल स्कोर संतोष नारायणन ने क्रिएट किया है। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु में एक साथ शूट हो रही है। इसे नाग अश्विन डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है।

## सीसी रोड का किया लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 144 कृष्णा नगर विस्तार में नाले पर विधायक कोष से कराए गए कल्वर्ट बॉक्स कार्य एवं सीसी रोड का लोकार्पण किया। निखिल रेसवाल ने बताया कि कृष्णा नगर विस्तार में बरसात के दिनों में घुटनों तक पानी भर जाता था, स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय विधायक को जब इस समस्या से अवगत कराया तो सराफ ने विधायक कोष से 31 लाख 42 हजार रुपए स्वीकृत किए। नटवर कुमावत ने बताया कि कृष्णा नगर ए विस्तार कॉलोनी में क्षेत्रीय विधायक के द्वारा अनुशंषित सड़कें पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही हैं, जिनका सराफ ने विधिवत पूजा करके शिलान्यास किया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## शिक्षा संकुल में पौधरोपण



**बेधड़क. जयपुर।** शिक्षा संकुल में लायंस क्लब जयपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद मनोज मुद्गल ने किया। लायंस क्लब अध्यक्ष रवि सोंखिया ने बताया कि पूर्व विधायक अशोक परनामी ने लायंस क्लब के पोस्टर का विमोचन किया। लायंस क्लब जयपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की सचिव सीए सचिन कुमार जैन ने बताया कि सदस्यों द्वारा 251 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। संयोजक सीए एलडी शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब के अध्यक्ष सीए रवि सोंखिया, सचिव सीए सचिन कुमार जैन, कोषाध्यक्ष सीए रजत चेतानी, सीए आरपी विजय, सीए टीआर मुंजाल, सीए विरेन्द्र परवाल, सीए शिशिर अग्रवाल, सीए अरविंद अग्रवाल, सीए अखिल भाला, सीए विशाल गुप्ता, पीएनबी बैंक के डायरेक्टर सीए पंकज जोशी, सीए अर्पित विजय, सीए अनुज लश्करी एवं इनके परिवारजनों ने पौधरोपण किया।

## City इवेंट्स

### एमपी यादव बने प्रदेश संयोजक



**बेधड़क. जयपुर।** सवाई मानसिंह चिकित्सालय परिसर में राजस्थान फार्मासिस्ट्स संघर्ष समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से महावीर प्रसाद यादव को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। यादव वर्तमान में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। इस मौके पर राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा,राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष खुशी राम मीणा, सेवारत फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संगठन प्रभारी ओमप्रकाश मीणा, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह बघेल, संगठन महामंत्री हरि सिंह भाटी, सुरेंद्र दायमा, भावेश दायमा, शिवानी, दीपेंद्र सिंह,तेजमल सैनी, हिमांशु, कुशाल सिंह,अमित शर्मा, राजकुमार यादव, कुलदीप, मनीष, यश, पुष्पेंद्र, मोहित,यतेंद्र एवं अन्य लोग मौजूद रहे। यादव ने बताया कि फार्मासिस्टो की लंबित मांगों को लिए, ठेका कर्मी फार्मासिस्टों को संविदा कैडर मे शामिल कर वेतन वृद्धि करवाने के लिए, फार्मासिस्ट भर्ती व फार्मेसी छात्रों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे।

### 'व्यापारी 2 सीईओ' कार्यक्रम आज से

**बेधड़क. जयपुर।** ग्लोबल बिजनेस के इस दौर में उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप बिजनेस को डालने और कारोबार को आगे बढ़ाने के मकसद से 20 से 23 जुलाई तक एक कार्यक्रम 'व्यापारी 2 सीईओ' का आयोजन किया जाएगा। जयपुर के टोंक रोड स्थित एक होटल में इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के अनेक व्यापारी हिस्सा लेंगे। मोटिवेशनल कोच, राहुल मालोदिया इन सभी व्यापारियों को सफलता के गुर सिखाएंगे। कार्यक्रम में माइंड रीडर और यूट्यूबर, सुहानी शाह मेजिकल थेरेपी से बिजनेस एंटरप्रेन्योर का मनोरंजन करेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा में झांकियों ने रिझाया



**बेधड़क. जयपुर।** श्रावण अधिमास में विश्वेसरैया नगर कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को महाराज योगेन्द्र कृष्ण ने कथा वाचन किया। उन्होंने मंगलवार को वामन अवतार व श्रीकृष्ण जन्म और नंदोत्सव के प्रसंगों पर सजीव झांकियों की रोचक प्रस्तुति की गई। कथा में विशेष आकर्षण नंदोत्सव व नंद बाबा और यशोदा मैया की मनमोहक झांकियां रहीं। बाद में भक्तों को भोग-प्रसादी का वितरण किया गया।

## नेशनल हैण्डलूम वीक के ब्रोशर का विमोचन

# बुनकर, हथकरघा एवं खादी क्षेत्र के उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा



**बेधड़क | जयपुर**

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने बुधवार को उद्योग भवन में नेशनल हैण्डलूम वीक के ब्रोशर का विमोचन किया। यह कार्यक्रम जवाहर कला केंद्र में 3 से 7 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में विशिष्ट शासन सचिव नेहा गिरी, आयुक्त ओम कसेरा, रीको प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, आरएसआईसी प्रबंध निदेशक मनीषा अरोड़ा, संयुक्त शासन सचिव पूनम प्रसाद सागर, सचिव खादी बोर्ड ब्रजेश चंदोलिया, अतिरिक्त निदेशक आरके आमेरिया, एसएस शाह, विपुल जानी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रावत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस आयोजन से प्रदेश के बुनकर, हथकरघा एवं खादी क्षेत्र के उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने बताया कि आयोजन में हथकरघा एवं खादी उत्पादों की 80 स्टॉल लगाई जाएंगी एवं विशेष रूप से 10 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त बुनकर भी अपने उत्पादों का विक्रय एवं प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में विशिष्ट श्रेणी के प्राकृतिक रंगों से उत्पाद बनाने वाले हस्तशिलपकारों को भी अपने उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में मदद मिलेगी एवं उनके उत्पाद ब्रिकी में भी वृद्धि होगी। खादी एवं हथकरघा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने हेतु बायर सेलर मीट का आयोजन होगा। रावत ने बताया कि आयोजन में हथकरघा कला पर आमजन को जानकारी देने के लिए कैमिकल वूल, गिच्छा रेशम, खादी, भेड़ ऊन आदि से धागा बनाने की तकनीक का लाइव डेमो दिया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण शिविर का शुभारंभ

# प्रशिक्षण प्राप्त कर 30 महिलाएं बन जाएंगी आर्थिक स्वावलंबी



**बेधड़क | जयपुर**

सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के अधीन संचालित रामगढ़ पुनः स्थापन केंद्र की ओर से ग्राम ड्योडा चोड़, तहसील बस्सी में नए महिला सशक्तीकरण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र से 30 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर होंगी। अब तक इस केंद्र द्वारा 73 गांव एवं ढाणियों की महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

उद्घाटन समारोह में राम रतनपुरा के सरपंच रामफूल प्रजापत मुख्य अतिथि रहे। समारोह में हनुमान बंदावला, संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल , गांव की लाभान्वित होने वाली महिलाएं, संस्था के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस केंद्र से लाभान्वित होने वाली युवा महिला मोनिका शर्मा ने बताया कि सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम द्वारा शुरू किया गया प्रयास महिलाओं के लिए बहुत ही अधिक लाभदायक सिद्ध होगा तथा महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था आपके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है।

उन्होंने गरीब महिलाओं को यथा संभव मदद के लिए भी आश्वस्त किया। संस्था के प्रबन्धक मुकेश शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा आसपास के गांवों की महिलाओं के लिए शुरू किए गए महिला सशक्तिकरण शिविर उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। अन्त में शिविर संचालक गौतम मीणा ने धन्यवाद प्रेषित किया।

**काव्य गोष्ठी** जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी में खिले कविता के फूल

# साहित्यकारों का बाल साहित्य के भविष्य पर मंथन

**बेधड़क | जयपुर**

पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की ओर से बुधवार को बाल साहित्य का भविष्य और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया हुआ। कवि, कथाकार उद्भ्रांत के मुख्य आतिथ्य में हुई गोष्ठी में अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी, अकादमी सचिव राजेंद्र मोहन शर्मा, डॉ. सतीश राय, फारूख आफरीदी, लोकेश कुमार सिंह 'साहिल', विठ्ठल पारीक, गोपाल गुप्ता, शोभा चंद्र, वरुण चतुर्वेदी, प्रदीप सैनी, डॉ. राकेश कुमार सरीखे कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा। इस दौरान बाल साहित्य का भविष्य विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

गोष्ठी के आरम्भ में कवि और लेखक उद्भ्रान्त का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। फारूक आफरीदी ने उनका परिचय दिया। वरिष्ठ कवि विठ्ठल पारीक ने सरस अंदाज में अपनी रचना से गोष्ठी का आगाज किया। इकराम राजस्थानी ने कहा, 'हर वक्त उनकी आंखों में भारत के ख्वाब थे, कोई भी हो सवाल वो सबका जवाब थे, अब तक चमन में फूल करते हैं ये गुफ्तगू हम कुछ नहीं है,



नेहरू तो खुद ही गुलाब थे।' शोभा चंद्र ने कुछ इस तरह आंसुओं का दर्द बयां किया, 'गम की सूरत में बदल गए हैं आंसू, मुस्कुराहट में ढल गए हैं आंसू, शाम होते ही रोशनी के लिए शमां बनके जल गए हैं आंसू।'

उद्भ्रांत के शब्दों में पीड़ा और आक्रोश नजर आया, 'जो कमजोर है वो मारा जाएगा, जिसकी आर्थिक जरूरत सीमित है वो मारा जाएगा, जो करेगा सिद्धांत की बात वो मारा जाएगा, जिसने दिखाई बाजार को आंख उसकी आंखों को निकालकर किया जाएगा सरेआम नीलाम।'

### 'सतरंगा बचपन' पर प्रकाश डाला

लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' ने पढ़ा, 'इससे पहले ये जीवन बीत जाए फिर से जीना चाहता हूं उन क्षणों को, इससे पहले ये मिट्टी राख हो मैं बचाना चाहता हूं उन पलों को'। उन्होंने कहा कि पहले मंच की कविताओं का स्तर कुछ और था, हिंदी वाचिकता के कम होते हुए हम कहां आ गए हैं इस स्तर पर हमें विचार करना चाहिए। अकादमी सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने अकादमी की पत्रिका सतरंगा बचपन पर प्रकाश डाला।





## पाकिस्तान : भारी बारिश के बाद इमारत की दीवार मजदूरों के टेंट पर गिरी

# 11 श्रमिकों की मौत, छह घायल



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

इस्लामाबाद में भारी बारिश के बाद एक इमारत की दीवार गिरने से बुधवार को 11 श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यहां इसकी जानकारी दी।

स्थानीय पुलिस अधीक्षक खान जेब ने 11 श्रमिकों के मौत की पुष्टि की है। मलबे से 11 शव बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के सभी छह घायलों को 'पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' में भर्ती करवाया गया है, जहां वे सब खतरे से बाहर हैं। स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक 11 मजदूरों की मौत हो चुकी थी।

बता दें, पाकिस्तान में 25 जून से मानसूनी बारिश हो रही है, जिससे बारिश संबंधी घटनाओं में अब तक कम से कम 112 लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश की वजह से पूर्वी पंजाब प्रांत में कई नदियां उफान पर हैं, जिससे सैकड़ों गांव डूब गए और कम से कम 15,000 लोग विस्थापित हो गए हैं।





### पीएम शरीफ ने जताया शोक

इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर इरफान नवाज मेमन ने एक बयान में कहा कि दीवार उन श्रमिकों के तंबू पर गिर गई, जो एक अंडरपास के निर्माण पर काम कर रहे थे। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की।

## भारत ने किया 'काला सागर अनाज सौदे' का समर्थन

# बातचीत से हो समाधान

**एजेंसी** | न्यूयार्क

यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर भारत ने एक बार फिर गहरी चिंता व्यक्त की है और इस दुश्मनी को तुरंत खत्म करने के साथ-साथ बातचीत और कूटनीति का रुख करने का आग्रह किया है।

यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की वार्षिक चर्चा में बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिका कंबोज ने भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि इंसान की जान की कीमत पर कभी भी कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है, हिंसा का बढ़ना किसी के लिए भी फायदेमंद साबित नहीं होता है।

नागरिकों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे हमलों की रिपोर्टों पर चिंता जाहिर करते हुए कंबोज ने एक बार फिर से पीएम मोदी के चर्चित शब्दों को दोहराते हुए जोर देकर कहा, "यह युग युद्ध का नहीं है। इसी समझ और भावना के साथ भारत इस बहस में सक्रिय रूप से भाग लेता है।" कंबोज ने महासभा को बताया कि भारत लगातार यूक्रेन के हालात को लेकर चिंतित है।




### अनाज का प्रवाह प्रभावित

दरअसल, सोमवार को, रूस ने काला सागर अनाज सौदे को रद्द कर दिया, जिससे यूक्रेन से अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के क्षेत्रों में अनाज का प्रवाह प्रभावित हुआ है। दुनिया में लगातार बढ़ रहे खाद्यान्न संकट से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र और तुर्किये ने मध्यस्थता कर रूस को काला सागर अनाज समझौते के लिए राजी किया था। इसके बाद जुलाई 2022 में यह समझौता हुआ, जिसके तहत रूस ने यूक्रेन को तीन बंदरगाह से खाद्यान्न ले जा रहे जहाजों को जांच के बाद जाने की अनुमति दे दी थी।

### भारत गंभीर और चिंतित

चर्चा में रुचिरा कंबोज कहा कि हाल के घटनाक्रम, जिससे शांति और स्थिरता जैसे बड़े मकसद को आघात पहुंचा है उसे लेकर भारत बेहद गंभीर और चिंतित है। उन्होंने कहा, "मैं यहां यह जोड़ना चाहूंगी कि भारत ने काला सागर अनाज सौदे को जारी रखने के प्रयासों का समर्थन किया है और उम्मीद है कि गतिरोध का जल्दी ही कोई समाधान निकलेगा।" कंबोज ने कहा, "तमाम मतभेदों और विवादों से निपटने के लिए बातचीत ही एकमात्र तरीका हो सकता है, हो सकता है यह अभी मुश्किल लग रहा हो, शांति के लिए राह बनाने के लिए हमें हमें कूटनीति के सभी दरवाजे खुले रखने होंगे।"

## पाकिस्तान का पासपोर्ट दुनिया में चौथा सबसे खराब

# सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में टॉप पर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान का पासपोर्ट दुनिया में चौथा सबसे खराब पासपोर्ट घोषित हुआ है। वैश्विक नागरिकता एवं निवास सलाहकार कंपनी हेनले एंड पार्टनर्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान को दुनिया में चौथे सबसे खराब पासपोर्ट वाले देश के रूप में स्थान दिया है। यह देश पासपोर्ट इंडेक्स में शामिल 227 देशों में 100वें स्थान पर है। साल के शुरू में लंदन की इस फर्म ने पाक को पांचवां सबसे खराब पासपोर्ट बताया था।

इस साल जनवरी तक पाकिस्तानियों को ऑन-अराइवल वीजा सुविधा के साथ 35 देशों तक पहुंच थी, जो अब घटकर 33 रह गई है। पाकिस्तान का पासपोर्ट सिर्फ सीरिया, इराक और अफगानिस्तान के पासपोर्ट से मजबूत है। पाकिस्तान के पासपोर्ट धारकों को सिर्फ 33 देशों में वीजा-फ्री ट्रैवल की अनुमति है। इस बीच, सिंगापुर दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित पासपोर्ट रखने वाले सूचकांक में सबसे आगे है। इसी के साथ जापान का दबदबा खत्म होता नजर आ रहा है।




## भारतीय को अहम प्रशासनिक जिम्मा

**रिचमंड (अमेरिका)।** वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने भारतीय अमेरिकी चिकित्सक बिमलजीत सिंह संधू को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अहम प्रशासनिक पद पर नियुक्त किया है। बिमलजीत संधू ने मंगलवार को 'वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी हेल्थ सिस्टम अथॉरिटी' के बोर्ड के सदस्य के रूप में शपथ ली।

# इमरान खान ने फिर मांगी माफी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक महिला जज के खिलाफ अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को फिर से माफी मांगी और कहा कि अगर उन्होंने हद पार कर दी थी तो उन्हें इस बात का खेद है।

सत्ता से बेदखल होने के कुछ महीने बाद खान ने एक उग्र भाषण में इस्लामाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारियों और न्यायाधीश जेबा चौधरी को धमकी देते हुए कहा कि वह उन्हें 'बख्शेंगे' नहीं तथा उनकी पार्टी के नेता शाहबाज गिल को 'प्रताड़ित' करने के लिए उनके खिलाफ मामले दर्ज कराएंगे।


खान ने बुधवार को मामले के संबंध में कोर्ट में फिर से माफी मांगी। उन्होंने जेएम की अदालत में पेशी के दौरान खान ने माफी मांगी। खान ने कहा कि जब वह पहले उक्त जज के अदालत कक्ष में जाकर खेद जताया था। खान ने न्यायाधीश अमान से कहा, 'मैं महिला न्यायाधीश की अदालत में गया और कहा कि अगर मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं।'

## नए शोध में बताई संभावना

# क्या एलियन खोज सकते हैं हमको!

**एजेंसी** | लंदन

नए अध्ययन में इसी संभावना पर विचार किया गया है कि क्या एलियन्स हम इंसानों को खोज सकते हैं! इस सवाल पर तो बहुत मंथन होता रहा है और अब भी होता रहता है। मारिशस और मानचेस्टर यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के मोबाइल टावर के रेडियो लीकेज को सिम्यूलेट किया और यह अनुमान लगाने का प्रयास किया कि दूर से कोई एलियन सभ्यता इसे कैसे पकड़ेगी? टीम ने पाया कि जहां तक अकेले तंत्र विशेष का संबंध है, उनसे निकलने वाली रेडियो शक्ति बहुत ही कम होती है, लेकिन अगर इस तरह के अरबों उपकरण मिल जाएं और भविष्य के ब्रॉडबैंड के तंत्र भी जोड़ दिए जाएं तो वे मिलकर इतने शक्तिशाली रेडियो तरंगे निकालेंगे जिससे उन्हें पकड़ना बहरी सभ्यताओं के लिए बहुत आसान हो जाएगा।



### अध्ययन में अन्य रेडियो उत्सर्जक होंगे शामिल

शोधकर्ताओं ने सुझाया कि तकनीकी तौर पर उन्नत सभ्यताओं के पास बहुत ही संवेदनशील तंत्र होंगे जो इन तरंगों की पहचान कर सकेंगे। इतनी ही नहीं, ज्यादा शक्तिशाली ब्रॉडबैंड टावरों के जुड़ने से इन तरंगों की पहचान होने की संभावना बढ़ती जाएगी। उधर, अफ्रीकी देश लैंडलाइन के दौर से निकल कर डिजिटल युग में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अब टीम अपने अध्ययन को आगे बढ़ा कर अन्य रेडियो उत्सर्जकों को भी शामिल करने जा रही है।

### एलियन सभ्यता का अत्यधिक विकसित होना जरूरी

सेटी इंस्टीट्यूट के हैट क्रीक रेडियो ऑब्जर्वेटरी और मॉरिशस यूनिवर्सिटी के स्नातकोत्तर छात्र रैमिरियो साइडे ने ऐसे प्रतिमान विकसित किए हैं, जो ऐसे रेडियो फ्रीक्वेंसी पावर को प्रदर्शित करते हैं, जो बाहरी सभ्यताओं को मिल सकती हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि जब तक कि एलियन सभ्यता हमसे भी बहुत अधिक उन्नत नहीं हो जाती है, तब तक उन्हें हमारे वर्तमान मोबाइल टावर से रिसती हुई रेडियो तरंगों को पहचानने में बहुत दिक्कत होगी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl